संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    ऊना, शुक्रवार, 06 सितंबर 2024    ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 247 पृष्ठ: 08    RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com    हिमाचल संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा की और सेमीकंडक्टर तकनीक के बारे में जानकारी लेते हुए।

# सिंगापुर-भारत व्यापार संबंध बढ़ाने पर सहमत

## ● समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान, बातचीत एआई और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रही

**द्विपक्षीय वार्ता**

**▶▶ कौशल, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य देखभाल, एआई और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रही**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिंगापुर:** सिंगापुर और भारत ने व्यापार संबंध बढ़ाने पर सहमत होते हुए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच इनका आदान प्रदान किया गया। सिंगापुर की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अब से कुछ देर पहले इस बारे में एक्स हैंडल पर यह जानकारी साझा की। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, " मेरे मित्र प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ चर्चा आज भी जारी रही। हमारी बातचीत कौशल, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य देखभाल, एआई और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रही। हम दोनों व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर सहमत हुए। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, "गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। आपके प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद यह हमारी पहली मुलाकात है। मेरी तरफ से आपको बहुत-बहुत बधाई। मुझे विश्वास है कि फोर जी के नेतृत्व में सिंगापुर और भी तेजी से प्रगति करेगा। सिंगापुर सिर्फ एक देश नहीं है। सिंगापुर हर विकासशील देश के लिए एक प्रेरणा है। हम भी भारत में कई सिंगापुर बनाना चाहते हैं। मुझे खुशी है कि हम इस दिशा में मिलकर प्रयास कर रहे हैं। हमारे बीच जो मंत्रिस्तरीय गोलमेज बैठक हुई है, वह एक पथ-प्रदर्शक व्यवस्था है।" इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की मौजूदगी में भारत और सिंगापुर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ एईएम होल्डिंग्स लिमिटेड की सेमीकंडक्टर सुविधा का जायजा लिया।

### हरित गलियारा परियोजनाओं में तेजी लाने की भी प्रतिबद्धता जताई

रक्षा और सुरक्षा, समुद्री क्षेत्र जागरूकता, शिक्षा, एआई, फिनटेक, नवीन प्रौद्योगिकी क्षेत्र, विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं ज्ञान साझेदारी के क्षेत्र में वर्तमान सहयोग की भी समीक्षा की। दोनों नेताओं ने आर्थिक और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ाने के लिए देशों के बीच संपर्क को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने हरित गलियारा परियोजनाओं में तेजी लाने की भी प्रतिबद्धता जताई। दोनों नेताओं ने अगस्त 2024 में सिंगापुर में आयोजित दूसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन के परिणामों पर विचार-विमर्श किया। मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन जैसी असाधारण व्यवस्था को देखते हुए, द्विपक्षीय सहयोग के लिए एक नए एजेंडे पर विचार-विमर्श करने और उसकी पहचान करने में दोनों पक्षों के वरिष्ठ मंत्रियों द्वारा किए गए कार्यों की भी सराहना की गई।

### सेमीकंडक्टर साझेदारी सहित चार सहमति पत्रों पर हुए हस्ताक्षर

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिंगापुर/नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से भेंट की। दोनों ने भारत और सिंगापुर के बीच द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा की और सेमीकंडक्टर साझेदारी सहित चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री मोदी का प्रधानमंत्री वोंग ने संसद भवन में औपचारिक स्वागत किया। दोनों नेताओं ने अपने वार्तालाप के दौरान भारत और सिंगापुर के बीच द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों की व्यापकता, आपसी जुड़ाव और अपार संभावनाओं को देखते हुए इस संबंध को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया। इससे भारत की एक्ट ईस्ट नीति को भी अत्यधिक प्रोत्साहन मिलेगा। आर्थिक संबंधों में मजबूत प्रगति की समीक्षा करते हुए दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश प्रवाह को और बढ़ाने का भी आह्वान किया गया। प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था में करीब 160 अरब डॉलर के निवेश के साथ सिंगापुर भारत का प्रमुख आर्थिक साझेदार है। उन्होंने कहा कि भारत में त्वरित और सतत विकास ने सिंगापुर की संस्थाओं के लिए निवेश के अपार अवसर खोले हैं।

## अर्धसैनिक बलों सहित केंद्रीय कर्मियों के लिए राहत की खबर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अखिल भारतीय सेवा के तहत आने वाले केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों/अफसरों और अन्य सिविल कर्मचारियों के लिए राहत की खबर है। नॉन फैमिली स्टेशन पर कार्यरत इन कर्मियों को एकाएक अपना सरकारी मकान खाली नहीं करना पड़ेगा। पहले इस संबंध में सरकारी मकान रखने की आखिरी तिथि को 30 जून 2024 तक बढ़ाया गया था। अब आगामी आदेशों तक 'नॉन फैमिली स्टेशन' पर कार्यरत कर्मचारी अपना सरकारी मकान रख सकते हैं। भारत सरकार के 'आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय' (एमओएचयूए) के संपदा निदेशालय द्वारा पिछले दिनों इस संबंध में कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया है। एमओएचयूए के अनुसार, नॉन फैमिली स्टेशन पर कार्यरत इन कर्मियों को एकाएक अपना सरकारी मकान खाली नहीं करना पड़ेगा। इससे पहले आठ अप्रैल 2021 को जारी कार्यालय ज्ञापन में कहा गया था कि नॉन फैमिली स्टेशन पर कार्यरत कर्मचारी, 30 जून 2024 तक सरकारी क्वार्टर रख सकते हैं। नियमानुसार ऐसे कर्मचारी, अधिकतम तीन साल तक क्वार्टर होल्ड कर सकते हैं। यह सुविधा केवल नॉन फैमिली स्टेशन पर तैनात कर्मचारियों को ही मिलती है। 'आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय' के कार्यालय ज्ञापन में अब आगामी आदेशों तक सरकारी कर्मचारी अपना आवास रख सकते हैं।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## कर्नाटक में बदलेगा सीएम का चेहरा!



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण के कथित घोटाले मामले मुदा मामले में घिरे कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर कांग्रेस कड़ा एक्शन ले सकता है। अटकलें लगाई जा रही है कि कर्नाटक में सीएम का चेहरा बदला जा सकता है। राज्य के कुछ नेताओं ने कहा है कि मल्लिकार्जुन खरगे को सीएम बनाया जाना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, मुदा मामले से बचने के लिए कांग्रेस राज्य में कुछ बड़े बदलाव कर सकती है।

**इन नेताओं के नाम पर हो रही चर्चा:** हालांकि, पार्टी ने आधिकारिक तौर पर इस बात पर चुप्पी साध रखी है। कई लोगों का मानना है कि पार्टी डीके शिवकुमार को भी सीएम बना सकती है या किसी पिछड़े वर्ग के नेता को भी सीएम की जिम्मेदारी दी जा सकती है। वहीं, पीडब्ल्यूडी मंत्री सतीश जरकीहोली के नाम की भी काफी चर्चा हो रही है।

## पीएम मोदी ने नवीकरणीय ऊर्जा पर दिया जोर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रीन एनर्जी, नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर दिया। संबोधन की शुरूआत में उन्होंने सभी का प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव में स्वागत कियाष उन्होंने कहा कि ऐसा करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मैं इस अद्भुत पहल के लिए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन को बधाई देता हूं। अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव पूरी दुनिया को सूर्य के प्रभाव का जश्न मनाने के लिए एक साथ लाता है। यह एक ऐसा त्यौहार है जो हमें एक बेहतर ग्रह बनाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि वेद हजारों वर्ष पहले रचित ग्रंथ हैं। वेदों के सबसे लोकप्रिय मंत्रों में से एक सूर्य के बारे में है। आज भी लाखों भारतीय प्रतिदिन इसका जाप करते हैं, दुनिया भर में कई संस्कृतियों ने अपने-अपने तरीके से सूर्य का सम्मान किया है। अधिकांश क्षेत्रों में सूर्य से संबंधित त्यौहार भी मनाए जाते हैं। अपने संबोधन में आगे उन्होंने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए दुनिया को कुछ महत्वपूर्ण मामलों पर सामूहिक रूप से चर्चा करनी चाहिए। हरित ऊर्जा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इसमें निवेश की एकाग्रता में असंतुलन को कम करने की जरूरत है। विनिर्माण और प्रौद्योगिकी को लोकतांत्रिक बनाने की आवश्यकता है। सर्वोच्च प्राथमिकता विकासशील देशों की मदद करना और अल्प विकसित देशों और छोटे द्वीपीय विकासशील राज्यों को सशक्त बनाना होनी चाहिए।



**ग्रीन एनर्जी**

**▶▶ अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव पूरी दुनिया को सूर्य के प्रभाव का जश्न मनाने के लिए एक साथ लाता है : पीएम मोदी**

## देश को मानसून की बारिश से फिलहाल राहत नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देश को मानसून की बारिश से फिलहाल राहत मिलती नहीं दिख रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, बिहार और हरियाणा समेत कई राज्यों में बारिश होने का पूवार्नुमान जताया है। विभाग ने कहा है कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश हो सकती है। दोनों राज्यों में आज के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूवार्नुमानके मुताबिक, आज राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बारिश के आसार हैं। इससे एक दिन पहले भी दिल्ली में झमाझम बारिश हुई है। इससे तापमान में गिरावट आई है। आज राजधानी दिल्ली का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। विभाग का कहना है कि उत्तराखंड और राजस्थान में आठ सितंबर तक भारी बारिश हो सकती है तेलंगाना, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, असम, मेघालय, झारखंड और अंडमान एवं निकोबार में अगले दो दिन मूसलाधार बरसात होने की संभावना है।



## धामी सरकार को पड़ी 'सुप्रीम' फटकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के उस फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई जिसमें भारतीय वन सेवा के अधिकारी राहुल को राजाजी टाइगर रिजर्व का निदेशक नियुक्त किया गया है। उक्त अधिकारी को पहले कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से अवैध पेड़ काटने के आरोपों के चलते हटा दिया गया था और अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही अभी भी लंबित है।

**सीएम धामी को फटकार:** जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि हम सामंती युग में नहीं हैं, जैसा राजाजी बोले वैसा चले.. मुख्यमंत्री को तर्क देना चाहिए था।

## रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने की पहल का होगा स्वागत: यूएस

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाशिंगटन:** अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन एफ किर्बी ने कहा है कि रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग को समाप्त करने की हर पहल का व्हाइट हाउस स्वागत करेगा। किर्बी ने साफ किया कि इस संबंध में अमेरिका ऐसे हर देश का स्वागत करता है जो यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने में मदद करना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हाल में रूस की यात्रा के बाद यूक्रेन की यात्रा कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने टेलीफोनिक बातचीत की। दरअसल किर्बी से बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में इस बातचीत के संबंध में सवाल किया गया। उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि भारत युद्ध को समाप्त करने में भूमिका निभा सकता है।



**टिप्पणी**

**▶▶ जॉन एफ किर्बी का बाइडेन और मोदी की टेलीफोनिक बातचीत पर अहम टिप्पणी**

## अब दिल्ली मार्ग पर 70 सीएनजी बसें चलाएगा उत्तराखंड परिवहन निगम

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून:** परिवहन निगम राज्य के विभिन्न शहरों से दिल्ली के लिए 70 सीएनजी बसें अनुबंध पर संचालित करेगा। इसके लिए निगम ने निविदा जारी कर दी है। दिल्ली में बीएस-4 वाहनों का प्रवेश अक्तूबर से बंद होने जा रहा है, जिसके उपाय के तौर पर ये निर्णय लिया गया है। परिवहन निगम के पास बड़ी संख्या में बीएस-4 बसें हैं। चूंकि दिल्ली में इनका प्रवेश बंद हो जाएगा, इसलिए दिल्ली की सेवा प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए ही निगम ने 150 बसें खरीदी थीं, जो कि अगले महीने से मिलनी शुरू हो जाएंगी।

## दिवाली से पहले मिल जाएगी किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देश के करोड़ों किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी है। दरअसल पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त इस बार दीपावली से पहले आने वाली है। इसके लिए केंद्र सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। किसानों को इसका लाभ लेने के लिए केंद्र सरकार ने कृषि अधिकारयों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके तहत इस महीने में सभी लाभार्थी किसानों को केवाईसी कराने के लिए कहा गया है। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक इससे पहले की किस्त में देश के तकरीबन नौ करोड़ किसानों के खाते में सम्मान निधि पहुंची थी। कृषि मंत्रालय दिवाली से पहले लाभार्थी किसानों को सम्मान निधि देने जा रहा है। इसके लिए मंत्रालय ने किसानों को अपना केवाईसी कराने को कहा है।



**लाभार्थी**

**▶▶ किसानों को इसका लाभ लेने के लिए केंद्र सरकार ने कृषि अधिकारयों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए**

## मणिपुर: चुन-चुन कर ड्रोन से बनाया गया निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंफाल:** बीते डेढ़ साल से मणिपुर में हिंसा जारी है। कुकी और मैतेई समुदाय के बीच जारी हिंसा फिलहाल थमती नहीं दिख रही है। शांति बहाली के लिए केंद्र और राज्य द्वारा की जा रही कोशिशें बेकार हो रही हैं। इस बीच, एक सितंबर को पश्चिमी इंफाल के कोत्रूक में कुकी उग्रवादियों ने हथियारबंद ड्रोन का इस्तेमाल कर आरपीजी यानी रॉकेट प्रोपैल्ड गन अटैक किया। यह चौंकाने के साथ ही चिंताजनक है। ड्रोन से हुए ताजा हमलों के कारण लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। मणिपुर के सेनजाम चिरांग में कई ग्रामीण सामुदायिक केंद्रो में रहने पर मजबूर हो गए हैं। इतना ही नहीं कई लोग तो पेड़ो के नीचे शरण लिए हुए हैं। सेनजाम चिरांग के रहने वाले वाथम गंभीर ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि जब ड्रोन से हमला किया गया तो पहला बम उनके ही घर पर गिरा। इस हमले में उनकी बेटी घायल हो गई। इसके कुछ देर बाद ही उनके घर पर आसमान से एक के बाद एक दो बम गिरे। गंभीर ने बताया कि दूसरे बम के हमले में मैं और मेरा बेटा घायल हो गए। उन्होंने बताया कि बमों के इन हमलों से उनका घर तबाह हो गया। इसके बाद मजबूरी में उन्हें भागकर एक पेड़ के नीचे शरण लेनी पड़ी। गंभीर ने बताया कि उन्होंने ड्रोन की आवाज सुनी थी। इसके बाद हमने यह भी सुना कि कोउत्रुक पर बम गिराए गए हैं। इसके अगले ही दिन हमारे गांव को भी निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि शुरूआत में हमें लगा कि ड्रोन की आवाज आवासीय इलाकों की जांच कर रहे ड्रोन की है।



**चिंताजनक**

**▶▶ मणिपुर में ग्रामीण ने सुनाई आपबीती, कहा- दिन में भी घर में लग रहा डर, थम नहीं रही हिंसा**



# स्मार्ट मीटरिंग जनता के हित में नहीं : केडी

## हिप्र स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड इम्प्लॉइज यूनियन ने मंडी में भरी हुंकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः हिप्र** स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड इम्प्लॉइज यूनियन ने सरकार के खिलाफ मंडी में हुंकार भरी है। यूनियन ने स्मार्ट मीटरिंग, बिजली बोर्ड की लगातार बिगड़ती हुई वित्तीय स्थिति, कर्मचारियों की घटती संख्या व पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर आज विपासा सदन मंडी में सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में सैंकड़ों कर्मचारियों, पेंशनर्ज व जन प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष केड़ी शर्मा, बोर्ड पेंशन फोरम के अध्यक्ष ई. एएस गुप्ता व महासचिव चंद्र सिंह मंडयाल, पावर इंजीनियर एसोसिएशन से अरुण कुमार तथा पूर्व में रहे अध्यक्ष कुलदीप खरवाड़ा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष कामेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि प्रदेश में निजी कंपनी की भागीदारी से की




जा रही स्मार्ट मीटरिंग न तो उपभोक्ताओं के हित में है और न ही प्रदेश की जनता के हित मे है। जहां इस अनावश्यक खर्चे से उपभोक्ताओं की विद्युत दरों में भारी वृद्धि होगी वहीं बिजली वितरण का एक बड़ा काम निजी कंपनी के पास जाने से यह बिजली बोर्ड के निजीकरण की ओर एक कदम होगा। उन्होंने कहा बिजली बोर्ड में प्रदेश के सभी 26 लाख इलेक्ट्रॉनिक मीटर को निजी कंपनी के माध्यम से स्मार्ट मीटर से बदलने का फैसला लिया है जिसमे लगभग 3100 करोड़ रुपये की लागत होगी और यह पैसा बिजली बिल के माध्यम से बिजली उपभोक्ताओं से बसूला जाएगा। उन्होंने कहा कि आज बिजली बोर्ड गम्भीर वितीय संकट से गुजर रहा है जिसके चलते कर्मचारियों व पेंशनर्ज के वितीय लाभ रुके पड़े हैं। आलम यह है कि पिछले एक वर्ष से कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर अर्जित अवकाश की अदायगी नहीं हो पाई वहीं एक वर्ष से ओवर टाइम व यात्रा भत्ता के क्लेम रुके पड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया इस वितीय संकट का कारण जहां राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी का बिजली बोर्ड को सरकार से समय पर अदायगी न होना हैं वहीं बोर्ड प्रवन्धन की गलत नीतियां भी है। यूनियन के महासचिव हीरा लाल वर्मा ने प्रदेश सरकार व प्रदेश की जनता से बिजली बोर्ड, जो प्रदेश का बहुत बड़ा सर्विस सेक्टर है, को बचाने के लिए आगे आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड वर्तमान में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को 2300 करोड़ रुपये की सबसिडी दे रही है और प्रदेश सरकार उसके रोलबैक करने असमर्थ है। ऐसे में बोर्ड के अस्तित्व पर बहुत बडा प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। उन्होंने प्रदेश के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह बिजली बिलो में दी जा रही सबसिडी न लेकर बोर्ड को इस वितीय संकट से बाहर निकालने में मदद करे। उन्होंने कहा आज बिजली बोर्ड में कर्मचारियों के अभाव से अकेले अकेले कर्मचारी के लाइन पर कार्य करने के कारण दुर्घटनाओं में कई गुना वृद्धि हुई है और प्रति वर्ष 30-45 कर्मचारी हादसे का शिकार हो रहे हैं जिसमे गत वर्ष 9 नियमित तथा 5 आउटसोर्स कर्मचारी और इस वर्ष 7 कर्मियों की काम करते दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु हुई है।

# सिरमौर में डेंगू और स्क्रब टायफस के 1700 से अधिक मामले आए सामने

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**



**नाहनः** जिला सिरमौर में डेंगू और स्क्रब टायफस के मामलों में भारी इजाफा हुआ है। नाहन के डॉक्टर वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज में लगातार बढ़ती रोगियों की संख्या को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन की सांस फूली है। जिला सिरमौर में डेंगू के मामलों का आंकड़ा 1700 पार कर चुका है, जबकि स्क्रब टायफस के 122 मामले अभी तक दर्ज हुए हैं। नाहन के मेडिकल कॉलेज में लगातार रोगियों को इलाज करवाने के लिए भारी भीड़ के चलते घण्टों लाइनों में कतारबद्ध होना पड़ रहा है। डेंगू के मामलों की अगर बात करें तो अधिकतर मामले में नाहन शहर के हैं। नाहन डेंगू को लेकर हॉटस्पॉट बनकर उभरा है। डॉक्टर वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज अस्पताल नाहन के एमएस डॉक्टर अमिताभ जैन ने बताया कि अगस्त माह में अब तक 1100 मामले डेंगू के सामने आए हैं, जबकि स्क्रब टायफस के 98 मामले रिपोर्ट हुए हैं। बीते माह की अगर बात करें तो डेंगू के 640 और स्क्रब टायफस के करीब 22 मामले अस्पताल में दर्ज हुए थे। उन्होंने बताया कि अभी तक डेंगू के 1740 और स्क्रब टायफस के 122 मामले सामने आ चुके हैं। अस्पताल प्रबंधन का लगातार प्रयास है कि यहां इलाज करवाने पहुंच रहे रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। उन्होंने कहा कि लगातार डेंगू व स्क्रब टायफस के बढ़ते मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। उन्होंने लोगों से भी सावधानी बरतने और अपने आसपास साफ सफाई रखने की अपील की है।

# भाजपा की भाजपा की टीम-बी हैं असदुद्दीन ओवैसीः अनिरुद्ध सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश सरकार में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने सांसद असदुद्दीन ओवैसी के बयान पर पलटवार किया है। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी तो खुद ही भारतीय जनता पार्टी की टीम-बी हैं। उन्होंने कहा कि वे हिमाचल प्रदेश के मुद्दों को नहीं समझते हैं और उनकी राजनीति सिर्फ एक समुदाय पर चलती है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार विकास की राजनीति करती है और यहां हर काम कानून के मुताबिक होता है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा मंदिर और मस्जिद का नहीं है, बल्कि इमारत के अवैध और वैध होने का है। उन्होंने कहा कि यहां पर अवैध रूप से निर्माण हुआ है और ऐसे में सरकार इस पर कानून के मुताबिक कार्रवाई करवाएगी। उन्होंने कहा कि इस पर असदुद्दीन ओवैसी को राजनीति करने की जरूरत नहीं है। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि वह उनका निजी तौर पर सम्मान करते हैं, लेकिन वे समुदाय विशेष की राजनीति करते हैं और उन्हें विकास से कोई लेना-देना नहीं है। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में लंबे वक्त से मुस्लिम समुदाय के लोग रहते हैं. यहां कभी कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अब अचानक से यहां बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों की संख्या बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि भारी राज्यों से आने वाले में हिंदू मुसलमान का भेद नहीं है, बल्कि यह सिर्फ सही तरह वेरिफिकेशन के साथ हिमाचल प्रदेश में आने की बात है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में बाहरी राज्यों और अन्य भारी राज्यों से यहां लोग आ रहे हैं। यही नहीं, कई दूसरे देशों के नागरिक भी यहां आ रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसकी भी जांच करवाई जाने की जरूरत है।

# एमसी के सफाई कर्मी को ट्रक ने मारी टक्कर

**एसपी जैरथ**

**नाहन : नाहन** के यशवंत विहार में नैशनल हाइवे 907ए सफाई कर्मी को ट्रक द्वारा टक्कर मारे जाने का मामला जानकारी में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में सफाई कर्मचारी चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। जिसे नाहन मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार चिड़ावाली नाहन निवासी जसवंत सिंह यशवंत विहार में एमसी नाहन का सफाई कर्मचारी नियुक्त है। 50 वर्षीय जसवंत सुबह 8 बजे के आस-पास अपनी स्कूटी से यशवंत विहार में सफाई करने के लिए गया था। जबकि उसका दूसरा साथी अंकित वह नीचे के एरिया में सफाई कर रहा था। जस्वंत जैसे ही कचरा लेकर सडक क्रॉस कर रहा था उसी दौरान मोड़ से ठीक सामने अचानक आए ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में जसवंत सिंह की टांग ट्रक के टायर के नीचे बुरी तरह कुचली गई। ट्रक चालक ने तुरंत घायल को अपने ही ट्रक में डाल कर नाहन मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। सफाई कर्मी के विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जसवंत की गंभीर हालत को देखते हुए उसे तुरंत पीजीआई रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि चंडीगढ़ पीजीआई भी ट्रक चालक ही उसे लेकर गया है। मामला नाहन थाना के अंतर्गत जानकारी में आया है मगर मौके पर पहुंचे विवेचना अधिकारी को इस हादसे की फिलहाल पूरी जानकारी नहीं मिल पाई है।

# हाथियों के आतंक से बड़ा बन गांव में फसलें हुई बर्बाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहनः नाहन** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत बड़ा बन गांव में हाथियों का आतंक फैला हुआ है, जिसने ग्रामीणों की फसलें बर्बाद कर दी हैं। यही नहीं हाथियों के आतंक के चलते गांव में दहशत का भी माहौल बना हुआ है। वन विभाग से मदद की अपील की जा रही है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की लापरवाही के कारण यह समस्या बढ़ रही है। गुनानंद, बाबूराम और शंभू दत्त ने बताया कि सुबह खेतों में हाथी आ गए थे, जिन्होंने उनकी धान और मक्की की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि यह हाथी



उत्तराखंड से सिंबल वाडा रेंज में आते हैं और यमुना नदी को क्रॉस करके हिमाचल की वन सेंचुरी में घुसते हैं। बता दे कि पिछले वर्ष नजदीक लगते कोलर गांव में भी हाथी के द्वारा एक बुजुर्ग महिला को पटक कर मार दिया गया था। वही बड़ा बन के ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों ने उनकी फसलें बर्बाद कर दी हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने वन विभाग से मदद की अपील की है, लेकिन अभी तक कोई मदद नहीं मिली है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथी रिपेलर मशीन लगाने की मांग की है, जिससे हाथियों को गांव से दूर रखा जा सके। लेकिन वन विभाग की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर वन विभाग ने मदद नहीं की, तो वे अपने स्तर पर हाथी रिपेलर मशीन लगाने के लिए मजबूर होंगे। इस मामले में ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा व्यक्त की है और वन विभाग से मदद की अपील की है। उन्होंने कहा कि वन विभाग को इस समस्या का समाधान निकालना चाहिए, नहीं तो ग्रामीणों को अपने स्तर पर कार्रवाई करनी पड़ेगी

# पूर्व प्रधान पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज, जांच शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**



**पांवटा साहिबः** जिला सिरमौर के पुलिस थाना शिलाई में बेला बश्वा पंचायत के पूर्व पंचायत प्रधान के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने प्रदीप सिंह पुत्र जालम सिंह निवासी गांव बश्वा, तहसील शिलाई की शिकायत के आधार पर ये कार्रवाई अमल में लाई है।पुलिस को सौंपी शिकायत में प्रदीप सिंह ने पूर्व प्रधान पर कई गंभीर आरोप लगाए है। कहा, वर्ष 2006 से 2011 तक साधुराम ग्राम पंचायत बेला बश्वा का प्रधान रहा, जिसने अपने कार्यकाल के दौरान सरकारी पैसे का दुरुपयोग किया। पंचायत के रिकार्ड से छेड़छाड़ की. कोई भी काम मौके पर नहीं है। आरोप है कि पूर्व प्रधान ने अपने कार्यकाल के दौरान 3,50,000 रुपए पंचायत खाते से चैक द्वारा बैंक से खुद निकाले और उनको अपने खाते भी जमा करवाया, जो कानूनी गलत है।

शिकायत के मुताबिक संबंधित राशि का पंचायत में भी कोई हिसाब नहीं है कि यह पैसा कहां-कहां खर्च हुआ. क्रञ्ज्रस्न का रिकार्ड भी गुम करवाया गया है, ताकि हेराफेरी का पता न चले।आरोप ये भी है कि पूर्व प्रधान ने पंचायत की जो रसीदें दी हैं, वह बिना पते की हैं। रसीदें भी फर्जी बनाकर सरकारी पैसे का दुरुपयोग किया गया है। शिकायत में मांग की गई कि साधुराम के कार्यकाल के दौरान पंचायत में जो भी कार्य हुए, उसकी पूरी जांच की जाए. रसीदों में जिन व्यक्तियों के हस्ताक्षर हुए हैं, उसकी भी प्रयोगशाला में जांच करवाई जाए।

शिकायतकर्ता प्रदीप का कहना है कि जब उन्हें इस हेराफेरी का पता चला, तो उन्होंने क्रञ्जद्ब से रिकार्ड मांगा. इसमें पंचायत में हुआ भ्रष्टाचार उजागर हुआ। उधर, एएसपी अदिति सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर पूर्व प्रधान के खिलाफ पुलिस थाना शिलाई में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है।

# हिमुड़ा निदेशक मंडल सदस्य जितेंद्र चंदेल ने किया टूरिज्म हब बनने जा रहे कोल डैम का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर** : जिला बिलासपुर के एनटीपीसी परियोजना की कोल डैम झील के साथ लगते गांव वाहोट-कसोल को पर्यटन स्थल व वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी रूप में विकसित किया जाएगा। यह बात हिमुड़ा निदेशक मंडल के सदस्य व पूर्व पीसीसी सदस्य जितेंद्र चंदेल ने हरनोड़ा पंचायत के कसोल गांव में अपने दौरे के दौरान कही। उन्होंने यहां पर होने वाली आपार सम्भावनाओं को लेकर क्षेत्र का



भ्रमण किया इस दौरान उनके साथ हरनोड़ा पंचायत के प्रधान देशराज ठाकुर, पूर्व प्रधान जोगिंदर सिंह ठाकुर, माकड़ी पंचायत की पूर्व प्रधान तृप्ता ठाकुर, जिला कांग्रेस के महासचिव पवन ठाकुर साथ थे। उन्होंने उपायुक्त आबिद हुसैन का कोल डैम के कसोल गांव में टूरिज्म हब बनाने की सोच की प्रशंसा की। इसके लिए प्रदेश सरकार सरकार की योजना सिरें चढ़ी है और सीएम सुखबीन्द्र सिंह सुक्खू शीघ्र ही क्षेत्र का दौरा करवाएंगे। उन्होंने कहा प्रशासन ने फिलहाल सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली है।

# 6 सितम्बर को होगी भाषण, निबन्ध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

मंडी: राजभाषा पखवाड़े के उपलक्ष्य पर भाषा एवं संस्कृति विभाग मंडी संस्कृति सदन कांगनीधार मंडी में 6 सितम्बर को भाषण, निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन करने जा रहा है। जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया ने बताया कि प्रतियोगिता में जिला के सरकारी और गैर सरकारी पाठशालाओं के विद्यार्थी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि उप पुलिस महानिरीक्षक (मध्य रेंज) सौम्या सांबसिवन बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी और विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करेंगी।

# रिक्त पदों को भरने में रखी जाए प्राथमिकताः अमित मैहरा



**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**

**चंबाः अतिरिक्त जिला** दंडाधिकारी अमित मैहरा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं के जिला में रिक्त सभी पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाए। वह आज जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं संवीक्षा समिति (डीएलएमआरसी) बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों से संबंधित विभिन्न विषयों पर समीक्षा करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास को आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं के जिला में रिक्त सभी पदों को भरने के लिए जल्द प्रक्रिया शुरू करने को निर्देशित किया। आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं मनरेगा कन्वर्जेंस के तहत निमार्णाधीन आंगनवाड़ी केंद्र भवनों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिला विकास अधिकारी को नियमित अंतराल के भीतर समीक्षा करने को कहा। साथ में उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि खंड विकास अधिकारियों के साथ आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक में इस मद को शामिल किया जाए। अमित मैहरा ने भूमि की उपलब्धता नहीं होने से लंबित आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण को लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास को वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के तहत भूमि स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू करने के भी निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने जिला के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र भवनों में पेयजल तथा विद्युत आपूर्ति और शौचालय निर्माण से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने को कहा। जिला में 100 आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी के रूप में स्तरोन्नत करने को लेकर विभागीय अधिकारी ने बैठक में अवगत किया कि सभी केंद्रों में आधारभूत संरचना से संबंधित कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।

# प्रदेश पैन्सनर्ज वेल्फेयर एसो. 20 को उतरेंगे सड़कों पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर** : प्रदेश के पैन्सनर्ज को महीने की 10 तारीख को सरकार द्वारा पैन्शन का भुगतान करने के फैसले का पैन्सनर्ज वेल्फेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश ने कड़ा विरोध किया है। प्रैस को जारी ब्यान में प्रदेश के प्रधान आत्माराम शर्मा और महासचिव ठाकुर हुकम सिंह ने कहा है कि इस सम्बन्ध में संगठन की एक बैठक चम्बा में सम्पन्न हुई। जिसमें यह प्रस्ताव पारित हुआ कि संगठन सरकार के इस अन्यायपूर्ण, असंगत, विवेकहीन और अति दुर्भाग्यपूर्ण फैसले से आहत है और इस की भर्त्सना करता है। इतिहास साक्षी है कि कई दशकों से प्रदेश के लाखों पैन्सनर्ज/कर्मचारियों को हर महीने की पहली तारीख को पैन्शन/ वेतन पाने का इन्तजार रहता रहा है। क्योंकि हर परिवार का मासिक बजट और गत मास के विभिन्न आवश्यक भुगतान के लिए हर मास की पहली तारीख का इन्तजार करते हैं। इसी के साथ पैन्सनर्ज छठे वेतन आयोग के एरियर्स के भुगतान, तीन डी ए की 12 त्न लम्बित किश्तों और चिरलम्बित चिकित्सा बिलों के भुगतान हेतु प्रयाप्त बजट के लिए बार बार गुहार लगा रहे हैं लेकिन निराशा के सिवा और कुछ न मिला। पहली जनवरी, 2016 के बाद सेवानिवृत्त पैन्सनर्ज तो घोर वित्तीय संकट का सामना कर रहे हैं, जो सरकार की अदूरदर्शिता और कुव्यवस्था को दशार्ता है। मुख्य मन्त्री द्वारा दिए गए आश्वासन के बाबजूद आज तक पैन्सनर्ज की जे सी सी की बैठक तो दूर इसका गठन भी नही हो सका। परिणाम स्वरूप पैन्सनर्ज की समस्याओ का समाधान नहीं हो रहा है। सरकार का यह ब्यान कि पैन्शन 10 तारीख को देने से सरकार को ब्याज में एक करोड़, आइस लाख रूपए की बचत होती है, बिल्कुल भी तर्कसंगत नहीं है। वेतन/ पैन्शन की यह व्यवस्था दुर्भाग्यपूर्ण है और पैन्सनर्ज/ कर्मचारियों को सर्वथा अस्वीकार्य है। एसोसिएशन ने पहले ही सरकार को नोटिस देकर रखा है कि यदि 15 सितम्बर, 2024 तक सरकार पैन्सनर्ज को वार्ता के लिए नहीं बुलाती है तो 20 सितम्बर, 2024 को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर भारी संख्या में इक्के होकर पैन्सनर्ज रैलियों व धरना प्रदर्शनों आयोजन करेंगे और रोष प्रकट करते हुए सरकार की अन्यायपूर्ण नीतियों का विरोध करेंगे। इसी दिन मुख्यमन्त्री को सम्बोधित उपायुक्तों के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किए जाएंगे।

# पर्यटन विभाग ने की ग्रामीणों से बैठक, जिले के कोलडैम क्षेत्र में तैयार होंगे होम स्टे

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः जिले** के कोल डैम क्षेत्र में होम स्टे तैयार होंगे और इसके लिए खाका भी तैयार किया जा रहा है। इस योजना से हर घर को रोजगार मिलेगा। हरनोड़ा पंचायत में पर्यटन विभाग से पहुंचे उप निदेशक मंडी-बिलासपुर (डीटीडीओ ) मनोज कुमार और रितेश पटियाल एटीडीओ ने ग्राम पंचायत प्रधान देश राज ठाकुर उप प्रधान राजीव कुमार, सेवानिवृत उपनिदेशक कृषि सेवाएं डॉ प्रकाश चंद ठाकुर, पूर्व उप प्रधान जोगेंद्र सिंह ठाकुर, सेवानिवृत पुलिस सहायक निरीक्षक गोपाल शर्मा, हकम सिंह ठाकुर, अनिल कुमार दिलजले, डिम्पल, काका, राकेश ठाकुर केशू आदि के साथपर्यटन



विभाग की ओर से गांव में होम स्टे योजना पर चर्चा की। खासियत देशी-विदेशी पर्यटकों को ग्रामीण परिवेश का लुत्फ देने के लिए जिला प्रशासन के डिप्टी कमिश्नर आबिद हुसैन की सोच पर्यटन निगम के माध्यम से कोल डैम के साथ लगते गांवों में होम स्टे विकसित करने की योजना है। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त आबिद हुसैन की इस पहल की सराहना की है। प्रदेश के कई जिलों में होम स्टे काम कर रहे है, वहीं बिलासपुर जिले में अब तक 44 होम स्टे की सूची है। यहां ग्रामीणों के घर में ही अलग से रुकने, ठहरने, खाने की व्यवस्थाओं वाला आवास तैयार किया जाएगा। कोलडैम के वाहोट-कसोल में वाटर स्पोर्ट्स की खेले होने से देशी-विदेशी पर्यटकों को ग्रामीण परिवेश का माहौल मिल सकेगा। होम सटे का मुख्य उद्देश्य सीधा यहां पर होने वाली वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी से है। यहां मामूली शुल्क पर मेहमान पर्यटक घरों में रुक कर ग्रामीण संस्कृति, रीति रिवाज और खानपान से न केवल परिचित होगा बल्कि इस परिवेश का पूरा आनंद भी उठाएगा। बीते मंगलवार को जिला प्रशासन के डिप्टी कमिश्नर आबिद हुसैन के निर्देश पर मंडी स्थित पर्यटन विभाग से आए डिप्टी डायरेक्टर ने स्थानीय विस्थापितों के साथ एक बैठक की। बैठक में होम स्टे खोलने के उद्देश्य को लेकर ग्रामीणों को टिप्स भी दिए। भ्रमण पर आई पर्यटन विभाग की टीम ने होम स्टे खोलने की पूरी प्रक्रिया से लोगों को अवगत करवाया। क्षेत्र का दौरा कर टीम डिप्टी कमिश्नर आबिद हुसैन को रिपोर्ट भी सौपेगी।

लोगों से ऐसे स्लेटपोश पुराने आवासों की रनोबैशन फिलहाल साथ लगते गांवों में तैयार करवागे। खेत-जाएगी। डिप्टी डायरेक्टर ने कहा कि हिमाचली आतिथ्य का अनुभव करने का सबसे अच्छा तरीका होम स्टे है। होमस्टे में किसी के घर में कम समय के लिए पेइंग गेस्ट के रूप में रहना शामिल है, जहां मेहमानों को व्यक्तिगत परिवार और स्थानीय समुदाय द्वारा बजट अनुकूल आवास और सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।

# एचआईवी-एड्स से सम्बन्धित जागरूकता शिविर आयोजित

**हामिद**

**चंबा : स्वास्थ्य** विभाग के सौजन्य से भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वयं रोजगार प्रशिक्षण संस्थान बालू में प्रशिक्षणर्थियों को एचआईवी-एड्स से सम्बन्धित जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी ने बताया कि एचआईवी एड्स एक लाइलाज बीमारी है तथा इसका बचाव एकमात्र जागरूकता ही है। उन्होंने कहा कि बचाव इलाज से बेहतर होता है। उन्होंने इस बीमारी के फैलने के कारणों और इससे बचाव के बारे सभी प्रशिक्षणर्थियों




को महत्वपूर्ण जानकारी से अगवत करवाया। उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति को समय-समय पर अपने स्वास्थ्य एवं एचआईवी की स्वेच्छा से जांच करवानी चाहिए। डॉ हरित पुरी ने बताया कि जिले मे गर्भवती स्त्रियों की एचआईवी जांच विशेष रूप से की जाती है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर आईसीटीसी चंबा, भरमौर,किहार और चुवाडी में एचआईवी की जांच निशुल्क जांच की जाती है और जानकारी को विभाग द्वारा गोपनीय रखा जाता है। उन्होंने बताया कि 15 साल से 49 साल के उम्र बाले समूह में सबसे ज्यादा एचआईवी से लोग ग्रसित हैं। इसलिय समय-समय पर अपनी मुफ्त जांच में करवानी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए नेशनल एड्स कंट्रोल आगेर्नाईजेशन द्वारा जारी 1097 टोल फ्री नंबर पर कॉल करके एचआईवी-एड्स के प्रति जानकारी हासिल की जा सकती है।

# राजनीतिक आधार पर खुलेंगे नए संस्थान: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार अब राजनीतिक आधार पर नए संस्थान खोलेगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान की। उन्होंने कहा कि जरूरत के अनुसार, जनसंख्या और भौगोलिक आधार पर भी नए संस्थान खोलने पर विचार करेगी। मुख्यमंत्री विधानसभा में विधायक रणधीर शर्मा द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। सुक्खू ने कहा कि पिछले पांच साल से जिन विधानसभा हलकों की उपेक्षा की जा रही थी, उन हलकों में उनकी सरकार ने नए संस्थान खोले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार नए संस्थान खोलने से पहले उनमें सभी सुविधाएं, पद और स्टाफ का प्रबंध करेगी, ताकि जनता की समस्याओं का भी समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था परिवर्तन का दौर है और कांगड़ा जिले में वहां पर नए संस्थान खोले हैं, जहां पिछले कार्यकाल में उपेक्षा हुई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को व्यवस्था परिवर्तन से तकलीफ है। इससे पहले, प्रश्नकाल के दौरान रणधीर शर्मा ने पूछा कि इस सरकार ने कितने संस्थान खोले और सरकार को इसका जवाब देने में इतनी देरी क्यों लग रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में खोले संस्थान तो बंद कर दिए और अब नए कितने नए संस्थान खोले, इसकी सूचना तक नहीं है। उन्होंने कहा कि जब से उपचुनाव हुए हैं, मुख्यमंत्री का ध्यान केवल देहरा में चला गया है और हर कैबिनेट में देहरा के लिए नए संस्थान खोले जा रहे हैं। रणधीर शर्मा ने कहा कि नए संस्थान खोलने चाहिए, लेकिन जो



पूर्व में नए संस्थान खोले गए थे, वे तो बंद क्यों कर दिए। आर्थिक स्थिति का हवाला देकर ये संस्थान बंद कर दिए, लेकिन अब पैसा कहां से आ रहा है। उन्होंने मांग की कि पुराने डी-नोटिफाई किए गए संस्थानों को फिर से खोला जाए। उधर, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पूछा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में खोले गए जो संस्थान डी-नोटिफाई किए, उन्हीं संस्थानों को नए तरीके से खोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो डिवीजन भाजपा सरकार ने खोला और जो अबकी सरकार ने खोला, उसमें क्या अंतर है। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में खोले गए संस्थानों का जिक्र किया और कहा कि छह-छह माह से चल रहे संस्थान बंद कर दिए गए हैं। मौजूदा सरकार ने राज्यभर में कुल मिलाकर एक हजार संस्थान बंद कर दिए। क्या वे संस्थान नीड बेस्ड नहीं थे, जो जनप्रतिनिधियों की मांग पर खोले गए थे। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीतिक, जनसंख्या और भौगोलिक जरूरत के आधार पर नए संस्थान खोले जाएंगे। यदि नेता प्रतिपक्ष बोलेंगे, तो उनके हलके में वह राजनीतिक आधार पर फैसला लेंगे। 8 माह में सुधरेगी स्वास्थ्य की स्थिति - मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य संस्थानों की हालत अच्छी नहीं है। सरकार अगले आठ माह में इस स्थिति को ठीक करेगी। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी और टांडा मेडिकल कॉलेज से इसकी शुरूआत कर दी गई है। यहां पर डॉक्टरों और पेरामेडिकल स्टाफ के सभी पदों को अभी अस्थाई आधार पर भरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर-मरीज रेशो पर सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री वीरवार को विधायक रीना कश्यप के सवाल के जवाब में हस्तक्षेप करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अगले आठ से 10 माह के भीतर किसी भी विधायक की यह शिकायत नहीं रहेगी कि उनके हलके में डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ के पद खाली हैं। इससे पहले, मूल सवाल का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि सरकार डॉक्टरों के दो सौ पदों सहित एनएचएम के तहत अन्य श्रेणियों के पदों को भी भर रही है। उन्होंने कहा कि पच्छाद हलके के नारग में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान खोला जाएगा।

# 6 सितंबर को माता नैना उग्रतारा तरणोह व देव माहूंनाग मंडी की होगी जाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** 6 सितंबर पत्थर चौथ को माता नैना उग्रतारा तरनोह व देव माहू नाग टारना की जाग होगी। देव माहूंनाग की जाग साल में एक ऐसा त्यौहार है जिसमें देव माहूंनाग जी अपने 18 गाणों के साथ और जोगणियों के साथ अपने भंडार से अपने मूल देहरे में अपने मूल मुख कर्डु के साथ उतरते हैं। इस दौरान देवता के 50 से ज्यादा छर्नाट देवता का जय घोष लगाते हुए चलते है। पूरे एक माह के बाद देवता के द्वार बंद होने के बाद देवता अपनी सर्व शक्तियों के साथ बाहर निकलते हैं। डाकिनी



और देवताओं के युद्ध में हुए

परिणामों को बताते हैं। अपनी देव वाणी से देवता का गुर बताएगा कि किस डाकिनी ने कहां, कैसा और क्या नुकसान किया यह सभी वृतांत आपको देवता की जाग में सुनने को मिलेगा। माता नैनाउग्रतारा तरनोह के पुजारी

राजकुमार शर्मा ने बताया कि जाग वाले दिन माता के जेष्ठ गुर कुशमैंध शर्मा अग्नि में प्रवेश कर अपनी परीक्षा पास करेंगे तथा उसके बाद देव वाणी

के माध्यम से बताएंगे कि डायनो और देवताओं के बीच में जो युद्ध हुए हैं उसमें किसकी जीत हुई है। जाग में भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश में गौ-तस्करी के बढ़ते मामलों व नशे के प्रचलन की रोकथाम के लिए नई व ठोस नीति की आवश्यकता: शौरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** प्रदेश में गौवंश के सरंक्षण के लिए समय समय पर नीति बनाने व गौ अभ्यारण बनाने की मांग उठती आई है। गौवंश के संवर्धन के नाम पर शराब पर सरकार द्वारा उपकर लगाया गया है। बाबजूद इसके गौवंश की सडकों पर आवारा पशुओं के रूप में संख्या बढ़ती जा रही है व प्रदेश में गौ-तस्करी के मामले सामने आ रहे हैं। गौ तस्करी के मामले सामने आने से प्रदेश में धार्मिक सौहार्द भी डगमगाया है। हिंदू बहुल प्रदेश में धार्मिक मान्यताओं से जुड़ा मामला होने के कारण गौ-तस्करी एक संवेदनशील मामला है। प्रदेश में गत दो बर्षों में गौ तस्करी के 9 मामले सामने आए हैं जिनमें 82 गौ वंशों को तस्करी से बचाया गया है। यह जानकारी विधानसभा सत्र के दौरान बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी के सवाल के जवाब में सामने आई। विधायक शौरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि सरकार ने इन सभी मामलों में तस्करी के स्रोतों व मामले के मुख्य सरग?ओं को पकड? में कोई रुचि नहीं दिखाई है। विधायक ने कहा है कि प्रदेश में ऐसे मामलों का बढ? प्रदेश सरकार की हमारी मान्यताओं के प्रति उदासीनता को दशार्ता है। विधायक शौरी ने कहा है कि गौवंश से अपना निजी स्वार्थ साध कर बाद में उन्हें आवारा छोड? वाले लोगों पर सख़्त कार्यवाही की जानी चाहिए। सरकारी व व्यक्तिगत स्तर पर गौवंश को अबारा छोड? वालों पर नकेल कसी जानी चाहिए। इसके साथ ही विधायक शौरी द्वारा वुधवार को सदन में मादक पदार्थों के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में जिला में नशे के बढ़ते उपभोग की बात भी सामने आई है। गत दो बर्षों में चिट्टा के 126 मामले सामने आए हैं और इनमें 175 गिरफ्तारियां हुई हैं। विधायक शौरी ने कहा है कि मादक पदार्थों के सेवन, परिवहन व बरामदगी के मामले साल दर साल घटने के बजाए बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे ने सरकार स्तर पर एक विशेष व ठोस नीति बनाए जाने की आवश्यकता है।

### लाल सिंगी की महिला ने निगला जहरीला पदार्थ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** जिला मुख्यालय के साथ लगते गांव लालसिंगी में 50 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिसे उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया है। वहीं पुलिस ने मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक लाल सिंगी की सोमा देवी ने वीरवार सुबह गलती से जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड? पर परिजन सोमा देवी को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुंचे, जहां पर महिला का उपचार जारी है। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है।

### भटोली में सट्टा लगाते हुए एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** थाना मैहतपुर के तहत भटोली में पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा लगाते हुए काबू किया है। जानकारी के मुताबिक मैहतपुर पुलिस बुधवार रात्रि भटोली में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने जस्सी कुमार निवासी बसदेहड़ा के कब्जे से पर्ची दडड़ा सटटा व 820 रुपये बरामद किए गए। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने जस्सी कुमार के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कन्या कॉलेज में 7 को होगी पीटीए की आम सभा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द में पीटीए की आम सभा का आयोजन 7 सितंबर दोपहर 2 बजे को किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ रमन जसवाल ने बताया कि इस दिन पीटीए की नई कार्यकारणी का गठन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम का का आयोजन दोपहर दो बजे महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने एचआरटीसी के मोबिलिटी कार्ड का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कैशलेस यात्रा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गत दिवस को हिमाचल पथ परिवहन निगम के नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड की सुविधा का शुभारंभ किया। हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और यूपीआई के अलावा अब यात्री नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड के जरिये भी किराए का भुगतान कर सकेंगे। इस कार्ड के माध्यम से यात्री देशभर में कई तरह की सेवाओं का कैशलेस तरीके से लाभ उठा पाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल पथ

**कैशलेस**

**अब यात्री नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड के जरिये भी किराए का भुगतान कर सकेंगे**

परिवहन निगम देश का पहला ऐसा राज्य परिवहन उपक्रम है जिसने इस सुविधा की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की यह पहल सार्वजनिक परिवहन के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी और परिवहन को कारगर बनाने व यात्रियों को आरामदायक और सुविधाजनक सफर प्रदान करने में



सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि इस कार्ड के जरिए दिल्ली मेट्रो, दिल्ली परिवहन निगम, हरियाणा रोडवेज, पश्चिमी मुंबई की बसों में यात्रा की जा सकेगी। वहीं एचआरटीसी की बसों में भी इस कार्ड से कैशलेस भुगतान किया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एचआरटीसी में व्यापक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी को आत्मनिर्भर बनाकर संचालित करने के लिए तकनीक को एकीकृत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी के सुदृढ़ीकरण से प्रदेश के लोगों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड के लिए इंटरनेट की सुविधा की आवश्यकता नहीं होगी जिससे प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में रह रहे लोग भी इस सुविधा से लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्ड 100 रुपये के भुगतान पर जारी किया जाएगा और इसके बाद लोग बस काउंटर पर ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से इसका टॉप-अप रिचार्ज करवा सकेंगे।

उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड छह माह की अवधि में इस कार्ड को लॉन्च करने के हिमाचल पथ परिवहन निगम के प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि देश के अन्य राज्यों को पछाड़ते हुए एचआरटीसी ने अनुकरणीय शुरूआत की है उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार, उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक हरीश जनारथा, सुरेश कुमार, नीरज नैयर, संजय रत्न, कैप्टन (सेवानिवृत्त) रंजीत सिंह, प्रधान सचिव परिवहन आर. डी. नजीम, एचआरटीसी के प्रबंध निदेशक रोहन चंद ठाकुर और अन्य गणमान्य इस मौके पर उपस्थित थे।

# 9 सितंबर मैहला में आयोजित किया जाएगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**

**चंबा: हिमाचल** प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति शिमला व स्वास्थ्य विभाग चंबा द्वारा 9 सितंबर, 2024 को खंड विकास कार्यालय मैहला के समिति हॉल में एक स्वास्थ्य जांच शिव का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विपिन शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि ओशन नामक संस्था के सहयोग से आयोजित किया जा रहे इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा विभिन्न

**शिविर**

**स्वास्थ्य विभाग के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों से ग्रस्त रोगियों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी**

रोगों से ग्रस्त रोगियों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी तथा उन्हें निशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी। डॉ विपिन शर्मा ने बताया कि इसी प्रकार का स्वास्थ्य जांच शिविर आगामी अक्टूबर माह की 7 तारीख को तीसरा उप मंडल के गांव झझाकोठी में भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ये शिविर प्रातः 11 बजे शुरू होंगे। इन शिविरों में रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, क्षय रोग, एचआईवी, हेपेटाइटिस बी और सी, यौन संचारित रोग तथा मधुमेह इत्यादि से संबंधित निशुल्क जांच भी की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा संबंधित क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे इन स्वास्थ्य जांच शिविरों का ज्यादा से ज्यादा संख्या में लाभ उठाएं तथा अन्य जरूरतमंद लोगों से भी इस संबंध में जानकारी सांझा करें।

# त्यासर में मां-बेटे की डंडो से पिटाई, क्षेत्रीय अस्पताल में करवाया उपचार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना: पुलिस** थाना बंगाणा के तहत त्यासर में जमीनी विवाद के चलते मां व बेटे पर डंडो से मारपीट हुई है। मारपीट में घायल मां-बेटे का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में उपचार जारी है। वहीं पुलिस ने घायल बेटे की शिकायत पर भाई-भाभी सहित तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सरवण राम निवासी त्यासर ने बताया कि गत दिवस अपने घर की छत पर था, तो भाभी सरला देवी आ गई और जमीनी विवाद को लेकर बहस करने लग पड़ी। इतने देर में सरला देवी ने अपने पति नरेश को फोन कर बुला दिया। सरवण राम का आरोप है कि भाई-भाभी व गांव का अजय कुमार ने डंडो से न केवल मुझे मारा, बल्कि मेरी माता कौशल्या देवी सभी मारपीट की।

# हिमाचल प्रदेश के अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं परशुराम अवार्डी

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: जिला** मंडी के राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्दरनगर बतौर डी.पी.ई. को शिक्षा विभाग में अपनी बेहतर सेवाएं देने के राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राजभवन में महामहिम राज्यपाल ने उन्हें राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। इससे पहले भी अध्यापन के साथ साथ संजय एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी है और हिमाचल प्रदेश के लिए कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। इसके साथ-साथ प्रदेश सरकार के सर्वोच्च खेल सम्मान परशुराम अवॉर्ड से सम्मानित हैं। कुश्ती जगत में

हिमाचल कुमार और हिमाचल केसरी जैसे कई अवार्डस से सम्मानित हो चुके हैं । प्रदेश शिक्षा विभाग में राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्दरनगर बतौर डीपीई ,डॉ संजय यादव शारीरिक शिक्षा में पीएचडी डीग्री धारक हैं और अब तक कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एक खिलाड़ी तौर पर और कोच के रूप प्रतिनिधित्व कर चुके हैं ।एक खिलाड़ी के रूप में 2020-21, 2021-22 और 2022-23 में अखिल भारतीय सिविल सेवा कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते। 4 से 9 अप्रैल, 2024 तक सिंगापुर में स्मग्रा शिक्षा, शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा



**सम्मान**

**सीएम**

आयोजित अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर और प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। इटली में पहले भारतीय जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय रेफ? का कोर्स कोविड समय में और ए-क्लास लाइसेंस लेने वाले प्रथम जज के रूप वर्ल्ड किकबॉक्सिंग के लिए क्वालीफाई किया -2021 इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 10 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित, खास बात यह है कि ज्यादातर प्रकाशन हिमाचल प्रदेश में स्कूली स्तर पर खेलों के विकास पर अधिकतम किए हैं जो सबसे अलग हैं।

# सकारात्मक विचारों वाले गुरुओं की समाज को जरूरत

## माइंड ऑपरेशन अकादमी में धूमधाम से मनाया गया अध्यापक दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**

**जोगिंद्रनग: माइंड** ऑपरेशन एकेडमी जोगिंद्रनगर में धूमधाम से मनाया गया अध्यापक दिवस इस अवसर पर अकादमी के सभी अध्यापकों ने बच्चों के अनुसार अपनी-अपनी प्रतिभा दिखाई साथ में अकादमी के सभी बच्चों ने अध्यापकों के सम्मान में तरह-तरह के उपहार और केक आदि का भी प्रबंध किया था

वही अकादमी के निर्देशक रामप्रकाश ठाकुर ने सभी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा गु का मतलब अंधेरा और रु का मतलब उजाला होता है गुरु का मतलब अंधेरे से उजाले की ओर छात्र-छात्राओं



को लेकर आना होता है और अंधेरी नाकारात्मक दुनिया से उजाले की ओर लेकर आना है क्षेत्र चाहे कोई भी हो इस क्षेत्र का कोई ना कोई गुरु जरूर होता है इस दुनिया में गुरु से ही देश के विकास की उन्नति शुरू हुई है निदेशक ने कहा सबसे पहले हमें अपने माता-पिता को अपना गुरु मानना चाहिए उसके बाद हमारे अलग-अलग क्षेत्र के गुरु कुछ शैक्षणिक क्षेत्र में कुछ मोटिवेशनल क्षेत्र में कुछ आध्यात्मिक क्षेत्र के अलग-अलग गुरु होते है

हम सबको उन गुरुओं का सदैव आभारी रहना चाहिए एक अच्छे और सकारात्मक गुरु की हमारे समाज को बहुत ज्यादा आवश्यकता है।

क्योंकि बचपन से आज तक हमारे मन में जो भी चीजें हमने माहोल के अनुसार सीखी है उसके अनुसार हमारे मन में तरह-तरह के विचार आते हैं और ज्यादातर विचार नकारात्मक होते हैं उन नकारात्मक विचारों से छुटकारा पाकर सकारात्मक विचारों की तरफ अपने आप को ले जाना या वहां तक पहुंचाने की कला एक अच्छे गुरु ही सिखा सकते हैं निदेशक राम प्रकाश ठाकुर ने कहा आज वह जिस भी मुकाम पर पहुंचे हैं उसके पीछे सभी गुरुओं का आशीर्वाद रहा है।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**अनिल**

**किन्नौर: नशा मुक्त** भारत अभियान के तहत आज जनजातीय जिला किन्नौर के उपायुक्त कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. अमित कुमार शर्मा ने की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि इस अभियान के तहत जिला किन्नौर की युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक करना है तथा पुलिस के माध्यम से नशे की तस्करी पर रोक लगाना है ताकि जनजातीय जिला किन्नौर को पूर्ण रूप से नशा मुक्त कर प्रदेश व देश में उद्धारण पेश किया जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, व सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता





विभाग को आपसी समन्वय स्थापित करने को कहा ताकि अतिव्यापी की समस्या उत्पन्न न हो और धरातल पर नशे की समाप्ति पर सुधार हो सके।

उन्होंने स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूक करें तथा मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोचिकित्सक परामर्श पर ध्यान केंद्रित करें ताकि युवा पीढ़ी सकारात्मक कार्यों के प्रति प्रेरित हो सके। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस को मोबाईल ऐप के माध्यम से नशे के सौदागरों बारे सूचना दी जा सकती है और सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान को गोपनीय रखा जाता है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक शेखर ने बैठक का संचालन किया और पुलिस विभाग द्वारा नशे के सौदागरों बारे की जा रही कार्यवाही का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने जिला की प्रबुद्ध जनता से आह्वान किया कि वे नशे की तस्करी को समाप्त करने के लिए पुलिस का सहयोग करें ताकि नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम को संबल प्रदान हो सके। इसके अतिरिक्त बैठक में कोटपा अधिनियम के तहत चलाए

**विचा विमर्श**

**जिला पुलिस को मोबाईल ऐप के माध्यम से नशे के सौदागरों बारे सूचना दी जा सकती है**

जा रहे अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई और स्वास्थ्य विभाग द्वारा नशे से ग्रस्त युवक-युवतियों के लिए स्थापित पुनर्वास के बारे में गहनता से विचार-विमर्श किया गया। जिला कल्याण अधिकारी बलबीर ठाकुर ने बताया कि युवा पीढ़ी को खेलों के प्रति आकर्षित किया जा रहा है और इस दिशा में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन जिला, पंचायत एवं खण्ड

# लूटपाट व मारपीट मामले में पुलिस के हत्थे चढ़ा तीसरा आरोपी

## जम्मू कश्मीर के माधोपुर से किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना: ऊना** व हरोली में लूटपाट व मारपीट के मामले में फरार चल रहे चार आरोपियों में से एक ओर आरोपी को हरोली पुलिस ने पकड? में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान भुपिंद्र उर्फ बबिंदर निवासी फतेहपुर, डाकघर कोठी, गढशंकर जिला होशियारपुर के रूप में हुई है, जिसकी उम्र मात्र 19 वर्ष है। जिसे पुलिस ने जम्मू कश्मीर के माधोपुर से गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस ने दो आरोपियों को पंजाब के अमृतसर के गिफ्तार किया है, जो कि न्यायिक हिरासत में चल रहे हैं। लूटपाट व मारपीट मामले में कुल छह आरोपी है, जिसमें अभी तक पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीन की तलाश जारी है। बता दें कि बीती 26 अगस्त को अवतार सिंह निवासी दुलैहड़ से 6 नकाबपोश युवकों ने पोलियां के पास घेरा तथा हथियार दिखाकर व डराकर जाने से मारने की धमकी देते हुए पांच हजार रुपये छीन लिए। शिकातय के बाद पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज जांच शुरू कर दी। इस मामले में हरोली पुलिस ने शिकायत के चार दिन बाद पंजाब के अमृतसर से भुपिंद्र भूपाल व अर्शदीप सिंह दोनों निवासी गढशंकर, जिला होशियारपुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। अब पुलिस ने इसी गांव के भुपिंद्र उर्फ बबिंदर को जम्मू कश्मीर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल है। भुपिंद्र ने पुलिस के समक्ष अपने साथियों संग लूटपाट की बात को कबूल किया है। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने मामले में तीसरे आरोपी को पकडने में सफलता हासिल की है।

# सुक्खू सरकार किसी भी मंदिर का सोना-चांदी नहीं रख रही गिरवीः अग्निहोत्री



मानूसन सत्र के 8वें दिन सदन के अन्दर सदस्यों का अभिवादन स्वीकार करते विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां।

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमलाः उप** मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि सरकार राज्य के किसी भी मंदिर का सोना-चांदी गिरवी नहीं रखेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के पास इस तरह का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर जानबूझकर सनसनी फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि वे हिमाचल को अस्थिर करना चाहते हैं। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष से पूछा कि किस मंदिर का सोना-चांदी गिरवी रखा गया है और किस मंदिर की प्रपोजल आपके पास आई। वे वीरवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक मलेंद्र राजन के मूल और विधायक सुधीर शर्मा और जयराम ठाकुर के अनुपूरक सवालों का जवाब दे रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिरों का सोना-चांदी गिरवी रखने की बात नेता प्रतिपक्ष के मन की सोच है और ऐसा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष केवल सनसनी फैलाने के लिए यह बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जिम्मेदारी से बोलें। सरकार किसी भी मंदिर का सोना-चांदी गिरवी रखने वाली नहीं है। इससे पहले मूल सवाल का जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डमटाल के राम गोपाल मंदिर के परिसर के जीर्णोद्धार के लिए जो 9



करोड़ रुपए की स्वीकृति ली है, उस पर फिलहाल रोक लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भाषा, कला व संस्कृति विभाग के सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाकर इस मंदिर का पूरा लेखा जोखा जुटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर मंदिर का जीर्णोद्धार शुरू किया जाएगा, लेकिन यह कार्य तब होगा, जब कमेटी की रिपोर्ट आ जाएगी। अग्निहोत्री ने कहा कि डमटाल के राम गोपाल मंदिर के पास कुल 17418 कनाल जमीन है। इसमें से डमटाल में 16 हजार कनाल, 145 कनाल जमीन शाहपुर , 548 कनाल जमीन पठानकोट में है। मंदिर के पास 15 करोड़ रुपए की एफडीआर है। उन्होंने कहा कि मंदिर की जमीन पर पांच होटल, 12 क्रशर, दो पेट्रोल पंप और कुछ अन्य व्यवसायिक परिसर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर के पास संपत्ति तो बहुत है, लेकिन मंदिर में आय कम है। मंदिर की वार्षिक आय दो करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि मंदिर में हुए खर्चों की डिटेल मांगी गई है। उन्होंने मंदिर में हुए कामकाज की जांच से इनकार किया। इससे पहले, विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि देवी-देवताओं को कानून के अनुसार नाबालिग माना जाता है और माइनर की संपत्ति पर कोई व्यावसायिक गतिविधि नहीं हो सकती। क्या सरकार ऐसा करने वालों पर कार्रवाई करेगी। इस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर के पास बहुत जमीन है और जो-जो बातें सदस्य ध्यान में ला रहे हैं, उसकी सारी जानकारी एकत्र की जा रही है और फिर इसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूली छात्रों से मुलाकात के दौरान विधान सभा अध्यक्ष ने बच्चों से पूछे सवाल





**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमलाः गत** दिवस को शिक्षक दिवस पर विधान सभा का सत्र देखने आए राजकीय उच्च विद्यालय बगोट जिला शिमला के छात्रों से विधान सभा अध्यक्ष ने पहला सवाल पूछा क्या आप में से किसी ने पिछले वर्ष यहाँ सदन में आयोजित बाल सत्र में भाग लिया था या नहीं। छात्रों का जवाब था नहीं लेकिन उसी से प्रेरित होकर वह सदन की कार्यवाही देखने आए हैं। इसके अतिरिक्त कुलदीप सिंह पठानियां ने नन्हें बच्चों से एक सवाल और किया विधान सभा क्या है और विधान सभा क्या काम करती है जवाब था विधान सभा चुने हुए सदस्यों का संस्थान है जहाँ कानून बनाए जाते हैं तथा प्रतिपक्ष सरकार से प्रश्न पूछती है तथा उनकी जिम्मेवारियों का उनको एहसास करवाती है। इस पर विधान सभा अध्यक्ष ने कहा परफेक्ट। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ने अलग-अलग विद्यालय से आए विद्याथीर्यों से संवाद किया। राजकीय उच्च विद्यालय बमोट के अलावा बहारा युनिवर्सिटी तथा गैर सरकारी संगठन युवा के 35 प्रतिनिधि भी सत्र देखने आए थे। विधान सभा अध्यक्ष ने सभी से अलग-अलग संवाद किया तथा आज सदन के अन्दर होने वाली कार्यवाही से सभी को अवगत करवाया। पठानियां ने बच्चों को भारतीय संविधान, संसदीय प्रणाली तथा संघीय ढाँचे के बारे में बच्चों को अवगत करवाया। पठानियां ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे लोकतन्त्र की मजबूती के लिए अच्छी बात है कि आज के युवा इस प्रणाली को समझने तथा सदन की कार्यवाही देखने के लिए आकर्षित हो रहे हैं। उन्होने कहा कि आगे आने वाला समय इसी पीढ़ी का है जिन्हें इस जिम्मेवारी को उठाना है। पठानियां ने इस अवसर पर गैर सरकारी संगठन युवा से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों, संगठन के कार्य क्षेत्र तथा सदस्यता से सम्बन्धित प्रश्न भी पूछे। विधान सभा अध्यक्ष ने सभी को अपनी ओर से शुभ कामनाएं दी तथा सदन की कार्यवाही देखने के लिए सभी को आमन्त्रित किया।



**सदन की कार्यवाही आरम्भ होने से पूर्व जिला प्रशासन तथा पुलिस विभाग के अधिकारी विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां को उनके कार्यालय कक्ष में कानून व्यवस्था पर आधारित जानकारी प्रदान करते हुए। इस अवसर पर जिलाधीश जिला शिमला अनुपम कश्यप, पुलिस महानिरिक्षक गुप्तचर विभाग हि.प्र. संतोष पटियाल तथा पुलिस अधीक्षक जिला शिमला संजीव गांधी विधान सभा अध्यक्ष को अवगत करवाते हुए।**

## गोंदपुर बनेहड़ा में पौधारोपण कर मनाया शिक्षक दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा में विद्यार्थियों द्वारा वीरवार को पौधारोपण कर शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर में 500 पौधे रोपित किए गए। शिक्षक दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा सत्र का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने शिक्षक दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने शिक्षक दिवस पर बच्चों का मार्गदर्शन किया और उन्हें समाज में शिक्षक की अहम भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर अध्यापकों द्वारा अभिभावकों के साथ शिक्षा संवाद भी संपन्न किया गया। इस मौके पर ओम राज, राजेश शर्मा, अजय, जसविंदर, मनोज कालिया व सोनिका कालिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर किया हवन यज्ञ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना :** डीएवी सेनटेनरी पब्लिक स्कूल ऊना में भारत के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य आरएल पाठक व शिक्षकों ने छात्रों के उच्चवल भविष्य, आत्मिक बल प्रदान करने व विद्यालय की उन्नति के लिए आहुतियां डालीं। इस अवसर पर प्राचार्य आरएल पाठक ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक देश के कर्णधार हैं। देश का भविष्य शिक्षकों पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को अपने वास्तविक उत्तरदायित्व को समझना चाहिए और वसुधैव कुटुंबकम की उक्ति को अपने जीवन में चरितार्थ करना चाहिए।

## तलमेहडा स्कूल की टीम अंडर-19 वॉलीबाल प्रतियोगिता में रही उपविजेता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलमेहडा के लडकों ने अंब में आयोजित अंडर-19 तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मानवते हुए बेहतर प्रदर्शन किया। वॉलीबाल प्रतियोगिता में तलमेहडा टीम ने उपविजेता रही। वीरवार को विद्यालय पहुंचने पर सभी खिलाड़ी छात्रों शानदार स्वागत किया गया। डीपीई रजनीश कुमार की अगुवाई में तलमेहड़ा टीम में कैप्टन आदित्य शर्मा, अभिषेक ठाकुर, पीयूष राणा, वंश ठाकुर, नमन ठाकुर, तनुज, वंश, आर्यन, पीयूष और अक्षय धीमान शामिल थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जीवन मोदगिल ने छात्रों के शानदार प्रदर्शन पर बच्चों, उनके अभिभावकों तथा समस्त स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के डीपीई रजनीश कुमार व बच्चों की सराहना की। इस मौके पर प्रवक्ता अनिल कुमार, मदनलाल, अमित कुमार, वीरेंद्र कुमार, सुनील संधू, राजीव कुमार, सुरेंद्र कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एनएसएस एवं इको क्लब ने कैंट में लगाए 300 पौधे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना :** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार के एनएसएस व इको क्लब के सदस्यों ने वीरवार को गोद लिए गए गांव कैंट में पौधारोपण किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ राम सिंह के दिशानिर्देश में विभिन्न प्रकार के 300 पौधे लगाए गए।

## सेवा निवृत शिक्षकों को सम्मानित कर की अनूठी पहल



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**उपलक्ष्य**

**▶▶विद्यालय दसगांव में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया**

**बिलासपुर :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दसगांव में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिक्षक दिवस पर आयोजित समारोह में ग्राम पंचायत बैरी रजादिया के सभी सेवानिवृत शिक्षकों और पाठशाला से सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य राकेश शर्मा जी ने बताया की विद्यालय समिति ने निर्णय लिया कि शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कुछ विशिष्ट प्रकार का कार्यक्रम किया जाए। समस्त सेवानिवृत अध्यापकों को सम्मानित करने का और उनके अनुभवों से विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जाए। शिक्षक दिवस के समारोह में स्थानीय पंचायत के सेवानिवृत्त केंद्रीय मुख्य शिक्षक रतन सिंह चंदेल ने समारोह की अध्यक्षता की। शिक्षा विभाग की योजना अनुसार सेवानिवृत कला अध्यापक रमेल सिंह चंदेल ने विद्यालय को अडॉप्ट किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों, कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह चंदेल, भोपाल सिंह, भाल सिंह चंदेल, प्रेम सिंह चंदेल, शास्त्री बाबूराम शर्मा, कला अध्यापक- रमेल सिंह चंदेल, दौलतराम, रामलाल, सुरेंद्र पटयाल,

पीटीआई सी एल वर्मा, केंद्रीय मुख्य शिक्षक, कुसुम ठाकुर, रीता अवस्थी, कश्मीरी देवी, विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान ओमप्रकाश चड्ढा और अन्य सभी कार्यकारिणी सदस्य, तथा प्रवक्ता कुलदीप कुमार, विरेंद्र कौर, अश्विनी शर्मा, स्नातक अध्यापक लता ठाकुर,सविता गुलेरिया, सुनीता कुमारी, राजरानी जीतेंद्र अनिल,रितेश कोंडल, शिखा कुमारी, कामिनी चंदेल और संस्था के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टी केयर की शुरूआत की

**शिमलाः** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने टी केयर की शुरूआत की घोषणा की। यह एक अभिनव पहल है जिसका उद्देश्य अपने सम्मानित ग्राहकों को एक समग्र स्वामित्व अनुभव मुहैया कराना है। टी केयर एक ही ब्रांड के तहत कई तरह के मूल्य वर्धित प्रस्ताव के समर्थन को एकीकृत करता है।इस तरह यह सुनिश्चित करता है कि ग्राहक के साथ हर जुड़ाव टोयोटा के विश्वसनीयता,गुणवत्ता और असाधारण देखभाल के मूल मूल्यों को दशार्ता है।ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण से प्रेरित टी केयर सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है जो ग्राहक की खुशी को समृद्ध करने और दीर्घकालिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कंपनी के समर्पण को दशार्ता है। प्रीसेल से लेकर आफ्टरसेल और रीपर्चेज तक सब कुछ कवर करते हुए टी केयर इन पेशकशों को एक एकीकृत ब्रांड के तहत एकीकृत करता है।



**आज मानसून सत्र के 8वें दिन की कार्यवाही का सदन के अन्दर संचालन करते हुए विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां।**

## मैहतपुर, टाहलीवाल व अंब सड़क हादसे में महिला शिक्षक समेत तीन की मौत

## पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर शुरू की जांच

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** जिला ऊना में 24 घंटे के भीतर हुए सडक हादसों में एक महिला समेत तीन की मौत हो गई। मैहतपुर हादसे में मृतक महिला की पहचान पूनम बाली पत्नी विशाल बाली निवासी कलसेहड़ा पंजाब के रूप में हुई है, जो कि सरकारी प्राइमरी स्कूल की शिक्षक थी। टाहलीवाल सडक हादसे में 19 वर्षीय प्रदीप पुत्र संत राम निवासी चंदपुर की मौत हुई है। वहीं अंब सडक हादसे में बाइक चालक बाबू राम पुत्र साधू राम निवासी आठवां तहसील, अंब की मौत हुई है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मैहतपुर प्रवेश द्वार के साथ लगते कलसेहड़ा गांव की पूनम बाली बुधवार रात्रि मैहतपुर में अपनी एक्टिवा में तेल डलवाने जा रही थी। इसी दौरान औद्योगिक क्षेत्र के पास सडक किनारे खड़ी एक थार के चालक ने गाड़ी की खिडकी खोल दी। इसी दौरान पीछे से एक्टिवा पर आ रही पूनम थार गाड़ी से टकराते हुए सडक के बीच डिवाइडर पर गिर गई और मैहतपुर की तरफ से ऊना जा रही अन्य गाडी की चपेट में आ गई। हादसे में पूनम गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे स्थानीय लोगो ने उपचार के लिए ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर पूनम ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। वहीं दूसरा हादसा टाहलीवाल में वीरवार सुबह पेश आया। जानकारी के मुताबिक प्रदीप सिंह निवासी चंद्पुर में सुबह सब्जी लेने के लिए संतोषगढ़ मंडी गया हुआ था। वापिस लौटते हुए ड्रीम लैंड पैलेस टाहलीवाल के समीप कुत्तों को बचाते समय कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस टक्कर के दौरान दो कुत्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से प्रदीप को तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। तीसरा हादसा वीरवार सुबह अंब बाजार स्थित एसबीआई के समीप पेश आया। बाबू राम निवासी आठवां बाइक पर अपने साथी के साथ बाजार से गुजर रहा था। इसी दौरान एक कार के साथ टक्कर हो गई। हादसे में बाबू राम व साथी नीचे गिर गए। हादसे के दौरान बाबू राम की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## अधिकारियों ने सीखा फसल पैदावार के आंकलन का तरीका

**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**

**शिविर**

**▶▶अधिकारियों व कृषि अधिकारियों के लिए कृषि विभाग द्वारा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया**

**चंबाः वर्तमान खरीफ** मौसम में जिला चंबा में मक्की व धान की पैदावार कितनी होगी इसका आंकलन करने के लिए पिछले दो दिनों में राजस्व अधिकारियों व कृषि अधिकारियों के लिए कृषि विभाग द्वारा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उप कृषि निदेशक डॉ. कुलदीप धीमान ने बताया कि 80 प्रतिशत क्षेत्र में पैदावार का आंकलन राजस्व अधिकारियों द्वारा तथा 20 प्रतिशत क्षेत्र में पैदावार का आंकलन कृषि अधिकारियों द्वारा किया जाता है। इस बार जिला चम्बा में मक्की और धान की



फसल की पैदावार के आंकलन के लिए कुल 318 क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट्स किये जायेंगे, जिसमे से 264 क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट्स करने का लक्ष्य राजस्व विभाग विभाग के अधिकारियों व 54 क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट्स करने का लक्ष्य कृषि विभाग के अधिकारियों को दिया गया है। डॉ कुलदीप धीमान ने बताया कि हर फसल की कटाई से पहले सभी अधिकारियों को क्रॉप कटिंग करने के तरीके तथा इसके बाद फसल की पैदावार के आंकलन की जानकारी दी जाती है। उन्होंने बताया कि किसी भी फसल की पैदावार का आंकलन करने के लिए किसानों के खेतों के खसरा नम्बरों का चयन एक तकनीक से पहले ही कर लिया जाता है। उन्होंने इस बार फसल पैदावार के आंकलन के लिए सभी क्रॉप कटिंग के कार्य व इसके परिणाम मोबाइल एप में दर्ज किये जायेंगे। उन्होंने कहा की फसल की पैदावार का सही आंकलन करना एक महत्वपूरण कार्य है। क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट्स द्वारा किये गए फसल की पैदावार के आंकलन के आधार पर आगामी वर्षों में पैदावार व गुणवत्ता बढ़ाने के लिए योजनाएं बनाई जाती है। इसी आधार पर किसानों को प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिया जाता है। इसी आधार पर पूरे देश में आयात, निर्यात, भंडारण व परिवहन से संबंधित नीति का निर्धारण किया जाता है। डॉ धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण कार्य कृषि निदेशालय से नामित तकनीकी सहायक, संदेसा देवी तथा भारत सरकार से नामित वरिष्ठ सांख्यकी अधिकारी विनोद कुमार द्वारा दिया गया।

## जगत राम शर्मा द्वारा सोशल मीडिया पर दिया गया बयान उनका व्यक्तिगत विचार हो सकता हैः बैंस

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर :** हिमाचल बिल्डिंग कन्सट्रक्सन एवं मनरेगा मजदूर यूनियन की राज्य कोर कमेटी की ऑनलाइन मीटिंग इंटक कार्यालय घुमारवीं में कार्यकारी अध्यक्ष जगतार सिंह बैंस की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष जगतार सिंह बैंस और महासचिव रूप सिंह ठाकुर ने कहा कि जगत राम शर्मा द्वारा सोशल मीडिया पर दिया गया बयान उनका व्यक्तिगत विचार हो सकता है। यूनियन ने इस तरह का कोई प्रस्ताव नहीं पास किया है और न ही इस संदर्भ में कोई बैठक हुई है। रूप सिंह ठाकुर ने



यूनियन में एकजुटता है। कहा कि इंटक से संबंधित सभी यूनियनें कांग्रेस पार्टी और सरकार के साथ मजबूती से खड़ी हैं। इन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह और श्रम कल्याण बोर्ड के चेयरमैन नरदेव कंवर के प्रति आभार जताया, जिनके प्रयासों से श्रम कल्याण बोर्ड सुचारू रूप से काम कर रहा है और लाखों मजदूरों को वित्तीय लाभ मिल रहा है। वहीं बैठक में जिला ईंटक के महासचिव रमेश कुमार ने भी जगत राम शर्मा के बयान पर असहमति जताई है। कहा यूनियन ने जगत राम शर्मा के बयानों से असहमति जताई।

# शिक्षक वास्तविक रूप से किसी भी राष्ट्र एवं समाज का दर्पण होता है: श्रीप्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः गुरु शिष्य** परम्परा भारतीय सनातन वैदिक संस्कृति की एक पवित्र एवं महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके अनेक स्वर्णिम उदाहरण इतिहास में अंकित है। शिक्षक उस माली के समान है, जो एक बगीचे को अलग रूप रंग के फूलो से सजाया है। शिक्षक छात्रों को कांटों पर भी मुस्कराकर चलने के लिए प्रेरित करता है। शिक्षक वास्तविक रूप से किसी भी राष्ट्र एवं समाज का दर्पण होता है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. मिश्र ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारतमाता एवं योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष माल्यार्पण, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने समाज में शिक्षक के महत्व अपने विचार प्रस्तुत किये। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा किसी भी समाज के निर्माण में शिक्षक की भूमिका सबसे महत्त्वपूर्ण होती है। जैसा कि चाणक्य ने स्पष्ट कहा है शिक्षक कभी साधारण नहीं होता, प्रलय और निर्माण उसकी गोद में पलते हैं। समाज में शिक्षक की महत्वता को रेखांकित करते हुए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने लिखा है कि समाज में अध्यापक का स्थान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। वह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को बौद्धिक परम्परा और तकनीकी कौशल पहुंचाने का केंद्र है और सभ्यता के प्रकाश को प्रज्वलित रखने में सहायता देता है। किसी भी राष्ट्र का आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक विकास उस देश की शिक्षा पर निर्भर करता है। इसलिए आज हमारे समक्ष कई प्रश्न हैं कि आखिरकार कैसी शिक्षा व्यवस्था होनी चाहिए जो हमारे समाज के अनुकूल हो और विविधता और असमानता वाले भारतीय समाज में शिक्षा व्यवस्था को कैसे समावेशी बनाया जाए, जिससे विद्यार्थियों का समग्र निर्माण हो सके।




डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा शिक्षक हमें विभिन्न विषयों के बारे में दिखाते हैं, हमारी जिज्ञासा शांत करते हैं और हमें नई चीजें सीखने के लिए प्रेरित करते हैं। शिक्षक न केवल हमें ज्ञान देते हैं बल्कि हमारा चरित्र निर्माण भी करते हैं। वे हमें अच्छे मूल्यों और आदर्शों से परिचित कराते हैं, हमें सही रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं और हमारी कमजोरियों को दूर करने में मदद करते हैं। अंततः वे हमें सांसारिक तौर पर एक सफल व्यक्ति बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं।

## एच.ई.एस के धर्मनगरी को हरा भरा करने के अभियान में चिकित्सकों एवं बुद्धिजीवियों ने किया सहयोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः धर्मनगरी कुरुक्षेत्र** को हरा भरा करने के अभियान में हरियाणा एनवायरमेंटल सोसायटी (एच.ई.एस.) की टीम निरंतर जुटी हुई है। इस कार्य में संस्था चिकित्सकों एवं बुद्धिजीवियों का भी सहयोग ले रही है। इसी क्रम में कुरुक्षेत्र के लोकनायक जय प्रकाश सरकारी हॉस्पिटल की पूर्व प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर एवं वर्तमान में इसी अस्पताल में कार्यरत डा. अनुपमा सिंह ने अपने साथियों के साथ संस्था एच.ई.एस. के तत्वाधान में अस्पताल के बाहर कैथल रोड के किनारे आयोजित कार्यक्रम में पौधारोपण किया। इस अवसर पर डा. नीलम अरोड़ा तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के तीन एमेरिटस प्रोफेसर डा. हरि




सिंह, डा. एस.पी. सिंह, एवं डा. एन.के. माटा सहित एच.ई.एस. के सदस्य मियां सिंह, श्रीनिवास धीमान, सतीश सैनी, प्रमोद शर्मा व अशोक कुमार इत्यादि मौजूद रहे। संस्था के अध्यक्ष ग्रीन मैन प्रो. एस.एल. सैनी ने बताया कि डा. अनुपमा सिंह गत 8 वर्षों से हर वर्ष शहर के सार्वजनिक स्थलों पर एच.ई.एस. के सहयोग से पौधे लगाकर उनका पोषण करने में सहयोग करती आ रही हैं। उनके अनुसार प्रो. हरि सिंह संस्था एच.ई.एस. के कुरुक्षेत्र चैप्टर के कोऑर्डिनेटर हैं उनके एवं डा. एस.पी. सिंह के सहयोग से ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के तीसरे गेट से लेकर पुराने रेलवे स्टेशन तक सड़क के दोनों और खाली जगह पर पौधारोपण का कार्य करीब करीब पूरा हो पाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी की मोटरसाइकिलों सहित दो नाबालिग गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी आटो थेफ्ट टीम** द्वारा सैक्टर-4 और सैक्टर-16 करनाल में नाकाबंदी करके वाहन चोरी के दो आरोपियों को चोरी की मोटरसाइकिलों सहित हिरासत में लिया गया। जांच के दौरान सामने आया कि हिरासत में लिए गए दोनों आरोपी नाबालिग हैं।

एंटी आटो थेफ्ट टीम के इंचार्ज उप निरीक्षक रोहताश सिंह ने बताया कि जिले में नाकाबंदी के दौरान दो नाबालिग आरोपियों को चोरी की मोटरसाईकिल सहित हिरासत में लिया गया। पुलिस पूछताछ पर आरोपियों ने दो अन्य मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों का भी खुलासा किया, जो उनकी टीम द्वारा आरोपीयों के बताए स्थान से बरामद की गई।

उन्होंने बताया कि आरोपियों द्वारा इनमें से दो मोटरसाईकिल थाना सिविल लाईन, एक थाना सैक्टर 32-33 और एक थाना शहर करनाल क्षेत्र से चोरी की गई थी। दोनों आरोपियों को किशोर न्यायबोर्ड के सामने पेश किया गया, जहां से उन्हें बाल सुधार गृह अंबाला भेज दिया गया। इनमें से एक आरोपी पहले भी चेन स्नेचिंग के मामले में बाल सुधार गृह में जा चुका है।

### ट्यूबवैल से मोटर चुराने वाला काबू, मोटर बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। थाना कुन्जपुरा पुलिस** ने खेत के ट्यूबवैल से मोटर चुराने वाले आरोपी जयबीर पुत्र राम किशन वासी शेरगढ़ टापू, करनाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चुराई गई ट्यूबवैल की मोटर बरामद की गई। इस संदर्भ में गांव घीड़ के रहने वाले एक व्यक्ति ने थाना कुंजपुरा में शिकायत देते हुए बताया कि उसकी जमीन गांव शेरगढ़ टापू में पड़ती है, जहां से किसी ने रात के समय उसके टयूबवैल से मोटर व रस्सा चोरी कर लिया है। इस संदर्भ में थाना कुंजपुरा में मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि आरोपी द्वारा यह जमीन कुछ समय पहले शिकायतकर्ता को बेची गई थी और उसे बड़े अच्छे से पता था कि यहां पर किस स्थान पर क्या सामान है व कैसे इस सामान को वहां से उड़ाया जा सकता है। आरोपी द्वारा पैसे कमाने के लालच में मोटर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था।

### यमुनानगर में लाखों की हेरोइन समेत युवक गिरफ्तार

**यमुनानगरः** अपराध शाखा-1 की टीम ने होंडा सिटी कार में सवार नशे की तस्करी करते हुए एक युवक को 267 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। हेरोइन की बाजार में कीमत लगभग 13 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी के पास से 63 हजार रुपए भी बरामद हुए। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुरुवार को यह जानकारी देते हुए अपराध शाखा-1 के इंचार्ज यादविंदर सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि छछरौली चौक से होता हुआ एक युवक कार में सवार होकर नशे की खेप लेकर आएगा। गुप्त सूचना के आधार पर टीम का गठन किया। टीम ने नाकाबंदी के दौरान होंडा सिटी कार सवार एक युवक को पकड़ा। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट बुलाया गया जब तलाशी ली गई, तो उसके पास से 267 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिसकी पहचान छछरौली निवासी परवेज खान उर्फ पेजी के नाम से हुई। आरोपी पर पहले भी इसी प्रकार के नशा तस्करी के दो मामले दर्ज हैं, जो कोर्ट में विचाराधीन है। आरोपी उत्तर प्रदेश से नशा लेकर आता था।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। विभागों में जो पद खाली पड़े हैं उन पदों पर पक्की भर्ती करेंगे।

### फतेहाबाद: सैंकड़ों नशीली गोलियों सहित पुलिस ने दो भाईयों को किया गिरफ्तार

फतेहाबाद: मेडिकल नशे की तस्करी करने वालों की धरपकड़ करते हुए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने टोहाना क्षेत्र से दो युवकों को गिरफ्तार कर, उनके पास से सैंकड़ों नशीली गोलियां बरामद की है। दोनों युवकों के खिलाफ थाना सदर टोहाना में गुरुवार को केस दर्ज किया गया है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो फतेहाबाद की टीम एएसआई सूर्यकांत के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। पुलिस टीम जब गांव ठरवीं के बस अड्डे के पास पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि कुलविन्द्र व जनक सिंह पुत्र बीरबल निवासी फतेहपुरी दोनों भाई नशीली गोलियां बेचने का काम करते हैं।

## बरसात से खेतों में धान की फसल बिछी तो सब्जी को भी पहुंचा नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः कुरुक्षेत्र तथा** आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को हुई बरसात को काफी किसान बेमौसमी बरसात बता रहे हैं। किसान बीते दिनों में बरसात की इंतजार कर रहे थे तो खुलकर बरसात नहीं हुई लेकिन बुधवार को अचानक बदले मौसम व हुई बरसात ने कुरुक्षेत्र के कुछ क्षेत्रों किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। किसानों की धान सहित सब्जियों की फसलों के नुकसान का भी अनुमान है। कुरुक्षेत्र के किसानों महेंद्र सिंह, नसीब, गुलशन व कमलप्रीत इत्यादि के अनुसार बुधवार को हुई बरसात व मौसम में आए बदलाव का प्रतिकूल प्रभाव सीधा पकी हुई धान की फसल पर पड़ा है। खेतों में पक कर तैयार धान तेज हवा के साथ हुई बरसात के कारण पूरी तरह से बिछ चुकी है। ऐसे में किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। कुछ किसानों की मंडी में जाने की तैयारी थी तो उनका धान भीग गया है। मंडी में आढ़तियों द्वारा किसानों को धान सुखाकर लाने को कहा जा रहा है। किसानों जयपाल, देवेंद्र व मदन लाल का कहना है कि इस बरसात से अब धान की फसल की कटाई भी प्रभावित होगी। वहीं सब्जी फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।

## डॉ. अनीता शिक्षण उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार के लिए चयनित

**टीम एवशन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्र गढ हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पोषण जीवविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनीता कुमारी को उच्च शिक्षा संस्थानों में उत्कृष्ट शिक्षण के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार-2024 के लिए चुना गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने डॉ. अनीता कुमारी को शिक्षण, शोध, परियोजना आधारित शिक्षा और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए बधाई दी। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव; कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार; डीन रिसर्च प्रो.



पवन कुमार शर्मा; डीन, एसआईएएस डॉ. दिनेश कुमार गुप्ता, विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश शर्मा ने भी उन्हें पुरस्कार के लिए बधाई दी। डॉ. अनीता कुमारी को यह पुरस्कार शिक्षक दिवस के अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल महामहिम श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े द्वारा राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रदान किया जाएगा। डॉ. अनीता कुमारी ने अनुसंधान एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रो. नीलम सांगवान, प्रा. सुरेंद्र सिंह; डॉ. अश्विनी कुमार को उनकी सक्रिय भागीदारी और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

डॉ. अनीता कुमारी ने बताया कि राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा यह पुरस्कार शिक्षा उत्कृष्टता एवं नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। इसमें पच्चीस हजार रुपये का नकद पुरस्कार, शॉल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह शामिल है। उन्होंने पीएचडी शोधार्थियों और प्रोजेक्ट एसोसिएट सरिता, दीपिका, देबोलीना चाखी और सुरभि पंवार का भी गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए धन्यवाद किया। डॉ. अनीता कुमारी ने ह्यहाइपोविटामिनोसिस डीह्य और ह्यमधुमेहह्य पर अपने शोध के विभिन्न फंडिंग एजेंसियों को भी धन्यवाद दिया।

## सैशन जज ने इंश्योरेंस कम्पनियों व बैंक मैनेजरों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला एवं सत्र** न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्रशेखर की अध्यक्षता में बुधवार को इंश्योरेंस कम्पनियों के मैनेजरों व बैंक मैनेजरों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित मैनेजरों को नैशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक मुकदमों का निपटारा करने हेतु प्रेरित किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जेल लोक अदालत का भी आयोजन किया गया, जिसमें 11 मुकदमे रखे गए, जिसमें से 9 मुकदमों मे 11 मुलजिमों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया। इस अवसर पर ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट उदय प्रताप भी उपस्थित थे। इरम हसन व उदय प्रताप ने जेल मे रह रहे बंदियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया व रेडियो कार्यक्रम के जरिए जन साधारण को 14 सितंबर को आयोजित होने वाली नैशनल लोक अदालत के बारे में जागरूक किया। इरम हसन ने यह भी बताया कि जिला न्यायालय की सभी अदालतों में 14 सितंबर को नैशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, जिसमें न्यायालय मे लम्बित मुकदमों का निपटारा आपसी समझौते से किया जा सकता है। प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमों के लिए नैशनल लोक अदालत स्थाई लोक अदालत, करनाल में 13 सितंबर को लगाई जाएगी, जिसमें प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने जन साधारण से आग्रह किया कि वे लोक अदालत के माध्यम से अपने मुकदमों का निपटारा करके धन व समय की बचत करें और आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ावा दें।

## डोडा पोस्त के साथ दो महिलाओं समेत तीन को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबादः फतेहाबाद जिला** पुलिस ने गांव गोरखपुर के पास से कार सवार दो महिलाओं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर इनके पास से भारी मात्रा में डोडा पोस्त बरामद किया है। एंटी नारकोटिक सैल फतेहाबाद प्रभारी ने वीरवार को बताया कि एंटी नारकोटिक सैल फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई कुलदीप सिंह के नेतृत्व में विधानसभा चुनावों को लेकर नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब गांव काजलहेड़ी पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि रमेश पुत्र ज्ञानचंद निवासी अहरवां, निम्मो पत्नी गुरचरण निवासी कनाल व राजकौर पत्नी सुखविन्द्र निवासी मिरानां तीनों मिलकर डोडा पोस्त बेचने का काम करते हैं और पहले भी नशीले पदार्थों साथ पकड़े जा चुके हैं। आज भी तीनों एक कार में राजस्थान से काफी मात्रा में डोडा पोस्त लेकर आ रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम ने गांव गोरखपुर में भूना रोड नहर पुल पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर में गोरखपुर की तरफ से एक कार आती दिखाई दी। पुलिस नाकाबंदी देखकर कार चालक घबरा गया और कार को वापस मोडने की कोशिश करने लगा लेकिन पुलिस कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए गाड़ी को रूकवा लिया और उसमें सवार दोनों महिलाओं व चालक को काबू कर लिया।

## नापा घर वापसी करें, उन्हें पूरा सम्मान मिलेगा: सुनीता दुग्गल

**फतेहाबादः** रतिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार सुनीता दुग्गल ने रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा से पार्टी में लौटकर आने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें मतभेद भुलाकर घर वापसी करनी चाहिए। पार्टी में उन्हें पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। वे 9 सितंबर को अपना नामांकन दाखिल करेंगी। गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुनीता दुग्गल ने कहा कि मौकापरस्त राजनीति करने वालों को जनता भली-भांति जानती है। पार्टी छोड़ने वाले रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा को पार्टी ने पहले भी पूरा सम्मान दिया है।

## नामांकन को लेकर जिला प्रशासन की सभी तैयारियां पूरीः उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि 5 सितंबर को विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। इसे लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। करनाल, घरौंडा, असंध, इंद्री और नीलोखेड़ी विधानसभा का नामांकन उन्हीं के क्षेत्र में भरा जाएगा। सभी रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने नामांकन को लेकर चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार इंतजाम कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन के दौरान पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी।

## लूट की राजनीति करने में माहिर है कांग्रेस और आप: मोहन लाल

**हमला बोला**

**कांग्रेस ने हरियाणा को लूट का अड्डा बनाया है और हमेशा लोकतंत्र को कमजोर किया है: मोहन**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः भारतीय जनता** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा को लूट का अड्डा बनाया है और हमेशा लोकतंत्र को कमजोर किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश और प्रर्देश में भय, भूख और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का काम किया है। प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली बुधवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। गठबंधन के सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को घेरा। उन्होंने कहा कि लूट की राजनीति करने में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी माहिर है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र की दुश्मन पार्टी रही है। कांग्रेस पार्टी ने ही देश में लोकतंत्र को खत्म करके एमरजेंसी तक लगाने का काम किया है, इसलिए कांग्रेस लोकतंत्र की विरोधी पार्टी है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के गठबंधन के सवाल पर पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पहले भी इनके समझौते हुए हैं। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की शासन प्रक्रिया एक जैसी रही है। लूट की राजनीति कांग्रेस ने भी की है और आम आदमी पार्टी ने भी की है। हालांकि लोकतंत्र की परम्परा में गठबंधन करना सभी पार्टियों का अपना अधिकार है। उम्मीदवारों के नामों की लिस्ट के बारे में पूछे गए सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि पांच सितंबर को नामांकन शुरू होने हैं, इसलिए राष्ट्रीय नेतृत्व सही समय पर सही फैसला लेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व उम्मीदवारों की छवि, पार्टी को जीत दिलाने और सभी वर्गों का सम्मान देने वाले व्यक्ति को ध्यान में रखकर ही फैसला लेता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के चुनाव लड़ने के सवाल पर पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए सभी 90 की 90 विधानसभाएं सेफ हैं और जिताउ हैं और राष्ट्रीय नेतृत्व का जहां से भी चुनाव लड़ने का निर्देश होगा नायब सिंह सैनी वहीं से चुनाव लड़ेंगे। खिलाड़ियों के मामले में पूछे गए एक अन्य सवाल पर श्री बड़ौली ने कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी का अपना अधिकार है, प्रत्येक वोटर का अपना अधिकार है, इसलिए कोई भी चुनाव लड़ सकता है। रही बात भारतीय जनता पार्टी की तो भाजपा ने खिलाड़ियों का सदा सम्मान किया है और आगे भी करेंगे।

क्षेत्रीय दलों के बारे में बोलते हुए पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में क्षेत्रीय दलों की सरकारें भी रही हैं और सरकार में शामिल भी रहे हैं। क्षेत्रीय दलों का अपना एक वोट बैंक भी है। क्षेत्रीय दल कई राज्यों में मजबूत स्थिति में हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में 10 वर्षों से भाजपा की सरकार है और हरियाणा की जनता ने भी मन बना लिया है, इसलिए 2047 तक भाजपा की सरकार हरियाणा में रहने वाली है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने 10 वर्षों में गरीब को न्याय देने का काम किया, किसान और महिलाओं का सम्मान किया। युवाओं को रोजगार देने का काम किया है।

भाजपा की बहुत सारी उपलब्धियां हैं, इसलिए हरियाणा प्रदेश में भाजपा के पक्ष में एकतरफा वातावरण बना हुआ है और तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बन रही है।

## पुलिस ने लोगों को साइबर अपराध के बारे में किया जागरूक

**टीम एवशन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्र गढ।पुलिस ने** महेंद्रगढ़, कनीना में सार्वजनिक स्थानों पर साइबर अपराध के संबंध में छात्रझ्रछात्राओं, आमजन को जागरूक किया गया। साइबर अपराधों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा प्रत्येक महीने के पहले बुधवार को साइबर जागरूकता दिवस मनाया जाता है। जिसके तहत पुलिस द्वारा स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर आमजन और विद्यार्थियों को जागरूक किया जाता है। जिला महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा आज साइबर जागरूकता दिवस पर महेंद्रगढ़, कनीना में सार्वजनिक



स्थानों पर विद्यार्थियों, आमजन को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक करते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में विस्तृत रूप से समझाया और साइबर अपराध से बचने के उपाय भी बताए। इस दौरान बताया कि साइबर अपराध हो जाने पर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। डिजिटल युग में कई बार लोग अनजाने में साइबर क्राइम का शिकार हो जाते हैं, यदि हम इसके प्रति जागरूक होंगे तो निश्चित ही इससे बचा जा सकता है। बताया गया कि किसी भी लिंक पर क्लिक न करें, अनजान नंबरों से आई काल, ओटीपी वेरीफिकेशन को स्वीकार न करें, अपना डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, सीवीवी, एटीएम पिन, नेट बैंकिग का पासवर्ड शेयर न करें। इंटरनेट बैंकिग का पासवर्ड मजबूत व सिक्योर बनाने, इंटरनेट मीडिया का उपयोग करते समय सावधानी बरतने, अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट न करने बारे सुझाव दिए गए। साइबर अपराधों से संबंधित किसी भी क्राइम पर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 नंबर पर शिकायत देते ही साइबर टीम तुरंत बैंक और भुगतान इंटरफेस से संपर्क कर जिस भी खाते में अपराधी ने पैसे ट्रांसफर हैं, उन्हें तुरंत फ्रीज करवा दिया जाता है। इसके बाद मूल खाते में रुपये वापस करवा दिए जाते हैं। थाना शहर कनीना से एएसआई सतीश व उनकी टीम द्वारा बस स्टैंड कनीना पर साइबर अवेयरनेस कार्यक्रम के तहत साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताया। थाना सदर कनीना से एसआई जयभगवान व उनकी टीम ने सार्वजनिक स्थान पर आमजन को साइबर अपराधों के बारे में अवेयर किया और बताया कि साइबर अपराध होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। थाना सदर महेंद्रगढ़ से एसआई हरिप्रकाश व उनकी टीम ने सार्वजनिक स्थान पर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में आमजन को जागरूक किया व साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया।

## प्रतियोगिताओं से बच्चों में शिक्षा के साथ प्रतिभा में भी निखार आता है

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः बच्चों को** किताबी शिक्षा के साथ वास्तविक ज्ञान भी होना चाहिए। वास्तविक ज्ञान बच्चों को प्रतियोगिताओं एवं प्रयोगिक क्रियाओं से मिलता है। इस बात को श्रीमद्भगवद गीता प्राथमिक विद्यालय बालघर के बच्चों ने संकुल स्तरीय गणित विज्ञान मेले में भाग लेते हुए प्रमाणित भी किया है। ऐसी ही प्रतियोगिताओं से बच्चों में शिक्षा के साथ प्रतिभा में भी निखार आता है। बाल घर के बच्चों ने मेजर नितिन बाली गीता निकेतन विद्यालय में



आयोजित संकुल स्तरीय गणित विज्ञान मेले में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन दिया। इस मौके पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे विज्ञान मॉडल, विज्ञान प्रश्न मंच, पत्र वाचन, गणित मॉडल, गणित प्रश्न मंच, गणित प्रयोगिक, कथा कथन प्रतियोगिताएं शामिल थी। प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बहुत बढ़िया प्रदर्शन कर जीत हासिल कर अपने संस्थान का गौरव बढ़ाया।

## संपादकीय

# वैश्विक बाजार का महासागर

**इंटरनेट शॉपिंग** अभी भारत तथा विश्व के हर देश में जबरदस्त तरीके से चलन में है। भारत ई शॉपिंग के लिए एक वृहद बाजार है`इंटरनेट शॉपिंग ने खरीदारी की दुनिया ही बदल कर रख दी है। इंटरनेट न सिर्फ अलग-अलग उत्पाद के बारे में उपभोक्ताओं को नवीन जानकारी उपलब्ध कराई है ,बल्कि उपभोक्ताओं को सस्ती दरों में सामान भी पहुंचाना शुरू कर दिया है इंटरनेट घर के भीतर ही कंप्यूटर और मोबाइल पर ऐसे ऐसे उत्पाद की जानकारी हर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराता है जिसके बारे में उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी मुलत शॉपिंग की शुरूआत 21वीं सदी के शुरू में हुई थी. कुछ वर्षों में यह इस कदर छा गई की कुछ लोग बाजार जाना ही बंद कर चुके है। ई शॉपिंग के द्वारा जनता अपनी मनपसंद वस्तु घर में बैठे-बैठे प्राप्त कर सकती है इस तरह बाजार की भीड़ की परेशानियों प्रदूषण से बचने एवं अनावश्यक पेट्रोल की फिजूलखर्ची से भी बचा जा सकता है कुछेक अपवाद को छोड़कर ई शॉपिंग काफी इकोनामिक एवं भरोसेमंद है बाजार जाने की बड़ी परेशानियों से बच कर कंप्यूटर मोबाइल के द्वारा एक बटन दबाकर अपनी पसंदीदा वस्तु अपने घर में ही प्राप्त कर लेते है ,इसके लिए आपके पास बैंक में पैसे एटीएम कार्ड होना चाहिए फिर देखिए दुनिया का बाजार आपकी मुट्ठी में होगो टाटा संस के चेयरमैन रतन जी टाटा कहते हैं कि भारत में लोग बहुत बड़ी संख्या में समय अभाव के कारण बाजार जाकर खरीदारी नहीं कर पाते हैं पर हिंदुस्तान ने की शॉपिंग का चलन इतना बढ़ गया है कि500 से से 600 सौ मिलियन लोग इस माध्यम से धड़ल्ले से ई शॉपिंग कर रहे हैं. इस सुविधा युक्त शॉपिंग का भारत में बहुत तेजी से बढ़ रहा है। ऑनलाइन शॉपिंग की स्थिति यह है कि 2017 के अंत में 100 मिलियन लोग ई शॉपिंग कर रहे थे, जून 2020 में दिल्ली ,मुंबई, अहमदाबाद, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, बंगलुरु, चंडीगढ़ के साथ बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा केरल और पंजाब के लोग हर साल दुगनी रफ़्तार से ई-कॉमर्स के जरिए शॉपिंग करने में जुट गए हैं। इंटरनेट के द्वारा शॉपिंग करने में 25 से 30 वर्ष के युवा बहुत ज्यादा रूचि दिखा रहे हैं युवा वर्ग खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम खरीदने में अपना इंटरेस्ट दिखा रहे हैं. वहीं महिलाएं ग्रॉसरी इलेक्ट्रॉनिक आइटम कॉस्मेटिक और कपड़ा रेडीमेड खरीदने में रफ्तार से आगे बढ़ रही हैं वस्तुतः ई शॉपिंग करने के पीछे कई कारण है जैसे समय की बचत एवं भीड़भाड़ तथा पेट्रोल टैक्सी रिक्शा के अनावश्यक खर्च से बचत होने से भी इसे काफी बढ़ावा मिल रहा है.इसके अलावा सस्ती खरीदारी एक बड़ा कारण है आपको ई-कॉमर्स की खरीदी में वैश्विक बाजार ऑनलाइन उपलब्ध रहता है`नए-नए उत्पादकों के अनुसंधान एवं उत्पादन बड़ा है, वह एक साथ दुनिया के किसी कोने में भी तत्काल 2 या 3 दिन में उपलब्ध कराया जाता है। यह एक अंतरराष्ट्रीय सुविधा उपभोक्ताओं को बड़ी आसानी से मिल जाती है। ई-कॉमर्स में आए खराब सामान को आप तत्काल बदलने की सुविधा भी प्राप्त कर लेते हैं खरीदारी चुकी ऑनलाइन एक नंबर में होती है अतः इसमें धोखाधड़ी की संभावना भी कम पर बनी हुई है। पर धोखाधड़ी तथा चीटिंग की संभावना इनकार नहीं किया जा सकता क्योंकि जो प्रोडक्ट बुलाया जाता है कई बार उससे निम्नतम क्वालिटी की सामग्री जानबूझकर भेज दी जाती है, पर इसकी कानूनी प्रक्रिया भी है जिससे उपभोक्ता को काफी राहत मिल जाती है इसके अलावा आप अपनी पुरानी वस्तुओं को भी भेजने की सुविधा शॉपिंग में प्राप्त कर सकते हैं।

# कड़े कानूनों के बावजूद क्यों नहीं थम रहे बलात्कार

रोहित माहेश्वरी

> समाज में बदलाव लाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपकरण शिक्षा है। स्कूलों और कॉलेज में बच्चों और युवाओं को समानता, मानवाधिकार, पर्यावरण संरक्षण, और सामाजिक न्याय के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए। शिक्षा केवल अकादमिक नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसमें नैतिक और सामाजिक मूल्यों का समावेश होना चाहिए। बच्चों को शुरू से ही ईमानदारी, समानता, और सहिष्णुता के मूल्यों की शिक्षा दी जानी चाहिए। फिल्मों, टीवी शो, और सोशल मीडिया पर सकारात्मक और सशक्त कंटेंट का प्रसार होना चाहिए। ये माध्यम समाज में मौजूद रूढ़ियों को चुनौती देने और जागरूकता फैलाने का एक शक्तिशाली साधन हो सकते हैं। मीडिया और इंटरनेट मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और नकारात्मक कंटेंट का सामना करना जरूरी है

**कोलकाता** में डॉक्टर रेप एवं हत्या मामले के बाद कानूनों में सुधार के बावजूद रेप की बढ़ती घटनाओं ने सरकार और पुलिस को कटघरे में खड़ा कर दिया है। कोलकाता आरजी कर अस्पताल में डॉक्टर बिटिया के रेप-मर्डर के बाद जो तनाव, गुस्सा, आक्रोश और विरोध-प्रदर्शन बंगाल के कई हिस्सों में देखे गए हैं, उन्हें शांत करने के लिए पश्चिम बंगाल विधानसभा में अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (आपराधिक कानून एवं संशोधन) सर्वसम्मति से पारित किया गया है। असल में यह बिल एक राजनीतिक प्रयास है, अपनी गिरती साख को बचाने और विरोध के स्वर धीमे करने का। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आशंका है कि इतने व्यापक विरोध से उनका परंपरागत जनाधार बिखर सकता है, लिहाजा बलात्कार, हत्या, यौन उत्पीड़न की कड़ी सजाओं के मद्देनजर उन्हें यह बिल पारित कराना पड़ा। प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने भी बिल का समर्थन किया, क्योंकि यह मुद्दा बेहद संवेदनशील है। अलबत्ता यह दिखावे का बिल साबित होगा और राष्ट्रपति भवन में लटक कर रह सकता है। दरअसल कोई भी राज्य केंद्रीय कानूनों के समानांतर कानून नहीं बना सकता। राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के मुताबिक साल 2019 में भारत में करीब 32 हजार रेप के मामले दर्ज हुए. यानी हर घंटे में औसतन चार मामले जबकि भारत में रेप से जुड़े कानून बहुत कड़े हैं, जिनमें मौत की सजा तक का प्रावधान है. पश्चिम बंगाल विधानसभा में जो बिल पारित किया गया है, उसमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पोक्सो) में संशोधन की बात कही गई है। ये कानून संसद द्वारा पारित किए गए हैं। केंद्रीय कानूनों की धाराओं के तहत बलात्कार, सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के लिए 20 साल की सजा, उम्रकैद और फांसी की सजा का प्रावधान है, जबकि अपराजिता बिल में सिर्फ फांसी के प्रावधान का ही प्रस्ताव है। बीएनएस के तहत बाल अपराधियों के लिए रियायतों का प्रावधान है, लेकिन अपराजिता में उन्हें खत्म करने का प्रस्ताव है। गौरतलब है कि जांच, न्याय और सजा के लिए जो अवधि तय की गई है, वह अव्यावहारिक है, क्योंकि भारत में न्याय की परतें कई हैं। यदि फास्ट ट्रैक कोर्ट आरोपित को फांसी की सजा सुना भी देती है, तो उस फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है।



उच्च न्यायालय के बाद सर्वोच्च अदालत है। अंततः राष्ट्रपति को दया-याचिका दी जा सकती है। मात्र 10 दिन में इन सभी आयामों से न्याय पाना असंभव है, लिहाजा 10 दिन में फांसी की सजा महज नारेबाजी है। जनता को भ्रमित करने की राजनीति है, ताकि कोलकाता की सडकें तमाम तरह की सियासत से मुक्त हो सकें। 2012 के निर्भया कांड का अंतिम फैसला 8 लंबे सालों के बाद मिला था। नतीजतन उसके बाद ही बलात्कारियों को फांसी पर लटकाया जा सका। उसके बाद किसी भी बलात्कारी को मृत्युदंड नहीं दिया जा सका। यह हमारे कानून के छिद्र हैं, हालांकि निर्भया कांड के बाद जस्टिस जेएस वर्मा आयोग बनाया गया था। इस आयोग ने व्यापक विमर्श के बाद, बहुत ही कम समय में, अपनी रपट दी थी। उसके आधार पर केंद्र ने जो कानून बनाया, उसमें भी दोषी को अधिकतम सजा के तौर पर मृत्युदंड का प्रावधान था। हमारे देश और समाज में बलात्कार के औसतन 86 केस हर रोज दर्ज कराए जाते हैं, कितनों को फांसी की सजा दी जाती है? बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस विपक्षी खेमे की एक महत्वपूर्ण पार्टी है। इससे पहले आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र ने भी मौत की सजा को अनिवार्य करने वाले बिल पारित किए थे, लेकिन केंद्र से मंजूरी नहीं दी गई। यही नियति अब बंगाल की हो सकती है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भूमिका समझनी होगी और महिलाओं के प्रति सम्मान और समानता का दृष्टिकोण अपनाना होगा। तभी हम एक ऐसा समाज बना सकते हैं, जहां महिलाएं वास्तव में सुरक्षित महसूस कर सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें। महिला सुरक्षा के इस संघर्ष में समाज, सरकार, और कानून सभी का समान रूप से योगदान आवश्यक है।

जब तक हम सभी मिलकर इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाते, तब तक महिला सुरक्षा का सपना अधूरा ही रहेगा। समाज को बदलना एक जटिल और लंबी प्रक्रिया है, जिसमें कई कारकों का योगदान होता है। हालांकि, यह एक आवश्यक कदम है ताकि समाज अधिक न्यायपूर्ण, समावेशी और प्रगतिशील बन सके। समाज में बदलाव लाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपकरण शिक्षा है। स्कूलों और कॉलेज में बच्चों और युवाओं को समानता, मानवाधिकार, पर्यावरण संरक्षण, और सामाजिक न्याय के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए। शिक्षा केवल अकादमिक नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसमें नैतिक और सामाजिक मूल्यों का समावेश होना चाहिए। बच्चों को शुरू से ही ईमानदारी, समानता, और सहिष्णुता के मूल्यों की शिक्षा दी जानी चाहिए।

मीडिया और मनोरंजन समाज पर गहरा प्रभाव डालते हैं। फिल्मों, टीवी शो, और सोशल मीडिया पर सकारात्मक और सशक्त कंटेंट का प्रसार होना चाहिए। ये माध्यम समाज में मौजूद रूढ़ियों को चुनौती देने और जागरूकता फैलाने का एक शक्तिशाली साधन हो सकते हैं। मीडिया और इंटरनेट मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और नकारात्मक कंटेंट का सामना करना जरूरी है। इसके लिए डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना और लोगों को सचेत करना आवश्यक है। सरकार को समाज की बदलती जरूरतों के हिसाब से प्रगतिशील नीतियां बनानी चाहिए। इनमें समानता, रोजगार, शिक्षा, और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाने वाली नीतियां शामिल होनी चाहिए। सामाजिक बदलाव के लिए प्रभावी कानूनों की आवश्यकता होती है। केवल कानून बनाना ही नहीं, बल्कि उनका सही तरीके से कार्यान्वयन भी सुनिश्चित करना आवश्यक है। इससे समाज में अनुशासन और नैतिकता को बढ़ावा मिलता है। पितृसत्तात्मक सोच,और लैंगिक भेदभाव जैसी रूढ़िवादी धारणाओं को बदलना जरूरी है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि ममता बनर्जी ने बिल की आड़ में भी खुन्नस भरी राजनीति की है। उन्होंने सदन में ही प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और उन मुख्यमंत्रियों के भी इस्तीफे मांग लिए, जिनके राज्यों में बलात्कार की संख्या लगभग निरंतर है। चूंकि प्रधानमंत्री पूरे देश के संवैधानिक प्रभारी हैं, लिहाजा वह इस्तीफा दें, क्योंकि वह महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में नाकाम रहे हैं। ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करना या इसे राजनीतिक अस्त्र के तौर पर प्रयोग करना निंदनीय है। समाज ही परिवर्तन का मुख्य स्रोत होता है। बिना किसी राजनीति, भेदभाव और जाति पाति के इस घिनौने कृत्य की रोकथाम के लिए समाज को एकजुट होकर सोचना होगा। तभी इस बुराई पर प्रभावी रोक लग पाएगी। जानकार कहते हैं कि निर्भया कांड के बाद से रेप के मामलों में शिकायत दर्ज कराने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है, हालांकि अब भी रेप के मामलों के वास्तविक आंकड़े, शिकायत में दर्ज मामलों से बहुत ज्यादा हैं। डर और शर्म के चलते अब भी कई महिलाएं इन अपराधों की शिकायत नहीं करतीं और कई मामलों में तो पुलिस की ओर से ही रिपोर्ट नहीं लिखी जाती। कानून का सख्ती से पालन और त्वरित न्याय महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है।

अपराधियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाया जाना चाहिए ताकि महिलाएं बिना किसी डर के अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें। कानून बनाने और उन्हें लागू करने के बीच के अंतर को खत्म करने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे।

महिला सुरक्षा एक जटिल और बहुआयामी मुद्दा है, जिसे केवल कानून, शिक्षा या समाज के किसी एक हिस्से के प्रयास से हल नहीं किया जा सकता। इसके लिए एक समग्र और सामूहिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# न्यायपालिका को पीड़ित के पक्ष में खड़ा होते दिखना चाहिए

संजय सक्सेना

**यह बात स**मझ से परे है कि जो लोग जघन्य अपराध करते हैं ? छोटी-छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म करते हैं उनके ऊपर कार्रवाई करते समय सरकार पूरी तरह से कानून का पालन करे। तर्क दिया जाता है कि अपराध कोई एक व्यक्ति करता है तो उसके पूरे परिवार को इसका खामियाजा क्यों भुगतना पड़े। ऐसे तर्क देने वालों को समझना चाहिए कि जब किसी एक बच्ची के साथ दुष्कर्म या परिवार के किसी सदस्य के साथ कोई आपराधिक वारदात होती है तो उसका खामियाजा जब पूरे परिवार को भुगतना पड़ता है तो फिर अपराधी को इस आधार पर कैसे छूट दी जा सकती है कि उसके किये अपराध की सजा पूरे परिवार को नहीं मिलनी चाहिए। बात सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले की हो रही है जिसमें उसने राज्य सरकारों द्वारा की जा रही बुलडोजर की कार्रवाई पर प्रश्न चिन्ह उठाया था। सुप्रीम कोर्ट का अपना पक्ष हो सकता है लेकिन सभी आपराधिक मामलों के समय यह कसौटी पर खरा नहीं उतरता है। अपराध करने वाला अगर ताकतवर हो तो वह कानून को अपने हिसाब से खरीद लेता है। अपना सही-गलत बचाव करने के लिए वकीलों की पूरी फौज कोर्ट में उतार देता है। क्या यह सही नहीं है कि आज भी जेलों में छोटे मोटे अपराध करने वालों को इसलिये जमानत नहीं मिल पा रही है क्योंकि वह आर्थिक रूप से सबल नहीं हैं। उनका दर्द कोर्ट की चौखट तक पहुंच ही नहीं पाता है। सुप्रीम कोर्ट इस बात की व्याख्या कभी क्यों नहीं करता है कि एक मुकदमे में वादी-प्रतिवादी की तरफ से कितने अधिवक्ता बहस कर सकते हैं। यह सच नहीं है कि सरकार हर एक अपराधिक मामले में बुलडोजर लेकर खड़ी हो जाती है,लेकिन माहौल ऐसा बना दिया जाता है जैसे सरकार बहुत बड़ी कसूरवार हो। खासकर योगी सरकार पर तो यह भी आरोप लगते हैं कि वह मुस्लिमों के खिलाफ ज्यादा बुलडोजर कार्रवाई करते हैं। ऐसी बातें करने वाली कानून की आड़ में अपने अपराध पर पर्दा डालने का काम करते हैं। बता दें कई राज्यों में प्रशासन द्वारा आरोपियों के घर पर बुल्डोजर चलाए जाने पर 02 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया था। कोर्ट का सवाल था कि कानून में तय प्रक्रिया का पालन किये बगैर किसी का घर कैसे ढहाया जा सकता है। सिर्फ किसी के अभियुक्त होने पर उसका घर कैसे ढहाया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने बगैर नोटिस के आरोपियों के घर ढहाने की शिकायत पर कहा कि अगर वह दोषी भी है तो भी कानून में तय प्रक्रिया के बगैर उसका घर नहीं ढहाया जा सकता।सुप्रीम कोर्ट का यह कथन समानांतर सरकरार चलाने जैसा नजर आता है। खैर,सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश जारी करने का संकेत देते हुए सभी पक्षकारों से सुझाव मांगे हैं।यह कहते समय सुप्रीम कोर्ट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस बयान पर भी गौर फरमा लेता तो ज्यादा अच्छा होता जिमसें पीएम ने सुप्रीम कोर्ट के एक कार्यक्रम में उससे महिलाओं से जुड़े मामले जल्द से जल्द निपटाने की उम्मीद जताई थी।

## विचार

# शिक्षक-शिक्षार्थियों के अंतसंर्बंध को मजबूती प्रदान करने का अवसर

डा. मनमोहन प्रकाश

**भारत में** शिक्षक दिवस 5 सितंबर को देश के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के सम्मान में मनाया जाता है। यह दिन शिक्षकों के समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान को मान्यता देने और शिक्षा के महत्व को स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। शिक्षको का समाज में मान-सम्मान इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि वे ज्ञान-विज्ञान, संस्कार-संस्कृति के संवाहक हैं और नई पीढ़ी को कौशलयुक्त , व्यवहारिक एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा से शिक्षित करने के साथ ही नैतिक एवं व्यवहारिक ज्ञान देने और सामाजिक मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक दिवस न केवल उनके सम्मान में एक दिन है, बल्कि यह शिक्षार्थी और समाज को याद दिलाने का एक माध्यम भी है कि शिक्षक समाज में इतने महत्वपूर्ण क्यों हैं। इतना ही नहीं यह दिन विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करने और उनकी मेहनत और समर्पण को मान्यता देने का अवसर भी प्रदान करता है। शिक्षक दिवस राज्य सरकारों को भी याद दिलाता है कि वे समाज के इतने महत्वपूर्ण वर्ग की दशा और दिशा का परीक्षण कर उनकी समस्याओं के विवेकपूर्ण निराकरण की दिशा में आगे बढ़कर राष्ट्र और राज्य को सशक्त बनाएँ। आज के संदर्भ में हमारे देश में शिक्षकों को गुरु जी, अतिथि शिक्षक, संविदा शिक्षक, आमंत्रित शिक्षक, तदर्थ शिक्षक,शिक्षक वर्ग 1,2,3 बना कर रख दिया है। क्या ये उचित हैं, इस पर भी विचार होना चाहिए? सरकारी शिक्षकों को शिक्षा देने के अतिरिक्त भी कई कार्य करने पड़ते हैं कभी वह सरकारी योजनाओं के लिए सर्वे करता है, कभी मतदाता सूची बनाने में मदद करता है, तो कभी चुनाव कराता है, और न जाने कितने शिक्षणेत्तर कार्य करना उसकी मजबूरी है। हमारे देश में निजी शिक्षण संस्थानों की संख्या बहुत अधिक है और इन संस्थाओं में शिक्षक कम वेतन में भी अपना कर्तव्य निभाते हैं।शिक्षक ग्रामीण और दूरस्थ दुर्गम क्षेत्रों में भी शिक्षा का प्रसार करते हैं। कई बार शिक्षक को संसाधनों की कमी में भी काम करना होता है।इन सब स्थितियों पर व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। वास्तव में समाज के महत्वपूर्ण अंग के रूप में हमें शिक्षकों के योगदान को पहचानना चाहिए और उन्हें वह सम्मान देना चाहिए जिसके वे हकदार हैं। ऐसा करके शिक्षकों को अच्छे शिक्षकीय कार्य एवं दायित्व के लिए प्रोत्साहित कर उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया जा सकता है। भारत में बदलते सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी परिदृश्य के साथ, शिक्षकों से भी समाज और प्रशासन की अपेक्षाएं बढ़ी है। शिक्षक न केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा प्रदान करें, अपितु शिक्षार्थियों को एक बेहतर नागरिक बनने के साथ राष्ट्र निर्माण एवं विकास के लिए भी प्रेरित करें। शिक्षकों के शिक्षकीय दायित्व के रूप में उससे अपेक्षा है कि वे विधार्थियों में (1) गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रसार करें (2) भविष्य की चुनौतियों का सामना करने योग्य बनाएं।(3) नैतिकता, ईमानदारी, और सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में शिक्षित करें।(4) देश की विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का सम्मान करना सिखाएं। (5) बुनियादी तकनीकी और डिजिटल कौशल से निपुणता प्रदान करें।(6) शोध और नवाचार के लिए प्रोत्साहन करें।(7) समस्या पैदा करने के स्थान पर समस्या-समाधान करने वाला बनाएं।(8) नवाचार और रचनात्मकता के लिए प्रेरित करें (9) समावेशिता और संवेदनशीलता का पाठ पढ़ाएं (10) समानता का पाठ पढ़ाएं। (11) शिक्षको को पाठ्यक्रम अधारित शिक्षा के साथ समुदाय के विकास में भी योगदान देना चाहिए, जिससे विद्यार्थी समाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।(12) शिक्षकों को माता-पिता/अभिभावकों के साथ भी नियमित संवाद बनाए रखना जरूरी है ताकि विधार्थियों की प्रगति और समस्याओं पर खुल कर चर्चा हो सके। आज शिक्षक और शिक्षार्थियों के संबंध का धागा कमजोर हुआ है।

इस कमजोर संबंध का असर जहां एक ओर समाज में शिक्षकों की इमेज पर पड़ा है वहीं शिक्षार्थियों को अपने पथ से भटकते भी देखा है। अतः दोनों को इस पर गंभीरता से राष्ट्र हित मे विचार करना चाहिए।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

*वैधानिक सूचना*

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# मजाक , मजाक में मजाक

राकेश अचल

**अदावत** की राजनीति के दौर में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव का मजाक ताजा हवा की तरह है। राजनीती में मसखरापन न हो तो राजनीति नीरस हो जाती है। हाल की राजनीती में जब से लालू यादव निष्क्रिय हुए हैं तब से कोई ऐसा जुमला सुनने को नहीं मिलता की पेट हंसी के मारे फूलने लगे। अखिलेश यादव ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मजाक में कहा है कि यदि आपको बुलडोजर से इतना ही प्यार है तो आप इसे चुनाव चिन्ह बनाकर चुनाव क्यों नहीं लड़ जाते ?
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपा की सरकार बनने पर बुलडोजर का रुख गोरखपुर की तरफ मोड़ने का बयान देने वाले सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पर बुधवार को तंज कसा और कहा कि बुलडोजर चलाने के लिए ह्यदिल और दिमागह्न की जरूरत होती है। अब अखिलेश यादव ने इस पर पलटवार किया है । अखिलेश ने कहा कि बुलडोजर में दिमाग नहीं बल्कि स्टीयरिंग होता है. उत्तर प्रदेश की जनता कब किसका स्टीयरिंग बदल दे, कुछ पता नहीं। अखिलेश ने अपने एक ट्वीट में कहा, ह्यअगर आप और आपका बुलडोजर इतना ही सफल है तो अलग पार्टी बनाकर ह्यबुलडोजरह्न चुनाव चिह्न लेकर चुनाव लड़ जाइए। आपका भ्रम भी टूट जाएगा और घमंड भी। वैसे भी आपके जो हालात हैं, उसमें आप भाजपा में होते हुए भी ह्यनहींह्न के बराबर ही ह। अलग पार्टी तो आपको आज नहीं तो कल बनानी ही पड़ेगी। अखिलेश और योगी के बीच इस तरह की चोंचें अक्सर लड़ती रहतीं हैं। अखिलेश को मजाक करना विरासत में मिला है। उनके पिता नेताजी मलायम सिंह अक्सर मजाक-मजाक में कुछ ऐसी बातें कह जाते थे،। हंसी का फब्बारा छुड़वा देती थीं। पिछले से पिछले दशक में राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव तो अपने मजाकिया अंदाज के लिए मशहूर थे है । उनके मजाक से शायद ही कोई बचा हो। श्रीमती सोनिया गाँधी हों या अटल बिहारी बाजपेयी सभी लालू जी की मजाकिया प्रवृत्ति के कायल रहे हैं। मजाक से राजनीति में जबरन का भारीपन कम हो जाता है और एक स्वस्थ्य वातावरण बनता है।

# अपने शहर हैदराबाद की बात ही निराली

**अरे भाई,** अपने शहर हैदराबाद की बात ही निराली है। यहाँ की गली-गली में जो बयार बहती है, वो क्या कहें! अब देखिए, दिल्ली में कभी कोई तैमूर, तो कभी चंगेज खाँ आए, वहाँ से लेकर यहां तक बड़े-बड़े लोग आए, लूट कर चले गए। सोने-चाँदी, हीरे-जवाहरात सब उठा ले गए, लेकिन हमारे हैदराबाद का वो सिंहासन, मतलब यहाँ के कल्चर का कोई जवाब नहीं मिला उनको। वो सिंहासन जो कि रिवायत और इज्जत का हिस्सा था, वो यहाँ की हवा में ही रचा-बसा है। अब बात करें सिंहासन की, तो आजकल वो कुर्सी बन गया है। पहले राजा-महाराजा सिंहासन पर बैठते थे, और शेर की तरह दहाड़ते थे, अब ये कुर्सी वाले भी कम नहीं हैं। कुर्सी पर बैठते ही बंदा खुद को असली शेर समझने लगता है। कुर्सी का अंग्रेजी नाम चेयर है, जो अंग्रेजों की देन है। वैसे, उन्होंने हमें रंगरेज बना दिया, हर चीज में अपने रंग भर दिए। अब ये चेयर असल में चीयर से निकला है, जो उनके दोस्त-चमचों ने कुर्सी पर बैठने वाले पहले हिन्दुस्तानी को चियर-चियर करके इतना चीयर किया कि वो चेयर हो गया। अब भाई, हम भी एक रिसर्च करने लगे थे, टॉपिक था सिंहासन से कुर्सी तक झ्र एक नजर। इसके लिए हमने किसी प्रोफेसर को गाइड नहीं बनाया, सीधे हमारे शहर के एक मंत्री साहब को गाइड बना लिया। उनकी एक खासियत थी झ्र जब तक मंत्री रहे, उनका मुँह हमेशा टेढ़ा रहता था। सीधे मुँह बात कभी की ही नहीं। मुँह से सीधे शब्द भी निकलते थे, तो टेढ़े हो जाते थे। जैसे ही कुर्सी छूट गई, मुँह एकदम सीधा हो गया। फिर सोचा कि भाई, गलती मंत्री जी की नहीं, बल्कि कुर्सी की है। एक दिन हम मेगनीफाइंग ग्लास लेकर मंत्री जी की कुर्सी का मुआयना करने लगे। वहाँ हमें छोटे-छोटे खटमल जैसे जीव मिले, जो सिर्फ वीआईपी लोगों की कुर्सियों में पनपते हैं। ये जीव, मंत्री साहब के साथ उनके बंगले तक चले आते थे और वहाँ जाकर अपनी जनसंख्या बढ़ा लेते थे। ये जीव परिवार नियोजन के सख्त खिलाफ थे। जो भी इन कुर्सियों पर ज्यादा समय तक बैठता, उसका मुँह भी टेढ़ा हो जाता।

वजह ये कि ये जीव कुसीर्धारी के खून में से जनसेवा, कर्तव्यपरायणता, ईमानदारी, और काम के प्रति निष्ठा के कीटाणु चूस लेते हैं, और बदले में अहंकार, चालाकी, और वाक पटुता के कीटाणु भर देते हैं। कुछ ही दिनों में कुसीर्धारी में बदलाव दिखने लगता है, और उसे इन जीवों से कटवाने का ऐसा नशा हो जाता है कि बिना इनके काटे एक दिन भी गुजारना मुश्किल हो जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### 14 तक बिल जमा न होने पर कटेंगे कनेक्शन: सुरेश

**ऊना, 5 सिंतबर (राजन पुरी)**

विद्युत उपमंडल हरोली के तहत आने वाले सभी उपभोक्ता 14 सितंबर से पहले पहले बिजलीं के बिल जमा करवा दें। जानकारी देते हुए विद्युत उपमंडल हरोली के एसडीओ सुरेश कुमार ने बताया कि हरोली उपमंडल के तहत आने वाले सभी उपभोक्ता अपने बिजलीं के बिलों की बकाया राशि 14 सितंबर से पहले जमा करवा दें। अन्यथा विभाग कानूनी प्रक्रिया के तहत समय पर बिल न जमा करवाने वालो के बिजलीं के कनेक्शन बिना किसी पूर्व सूचना के काट दिए जाएंगे।

### प्रशासनिक अनुमति के बिना नहीं छापी जा सकती कोई भी प्रचार सामग्री: डीसी डा. वीरेन्द्र कुमार दहिया

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) /टीम एक्शन इंडिया**

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डाक्टर वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला की प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को निर्देश दिए हैं वे प्रशासनिक अनुमति के बिना कोई प्रचार सामग्री न छापें। चुनावी प्रचार सामग्री पर प्रकाशक का नाम व पता अंकित होना जरूरी है, ऐसा नहीं करने पर 6 महीने की सजा हो सकती है। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि चुनावी प्रचार सामग्री में जाति, धर्म, समुदाय विशेष या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भडकाने वाली भाषा का प्रयोग नहीं होना चाहिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दहिया ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रचार सामग्री की छपाई को लेकर कुछ जरूरी निर्देश दिए हुए हैं। उन्होंने बताया कि अपने चुनाव प्रचार के दौरान सभी राजनैतिक दल व चुनाव लड? वाले उम्मीदवार या उनके समर्थक प्रचार के रूप में पोस्टर, पैम्पलेट, हैण्ड बिल - बैनर इत्यादि छपवाते हैं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार कोई भी प्रिंटर या प्रिंटिंग प्रेस का मालिक किसी भी प्रकार की गैर कानूनी सामग्री छाप कर नहीं दे सकता है।

डॉ. दहिया ने बताया कि प्रचार सामग्री छपाई दस्तावेज पर किसी धर्म, जाति, समाज, भाषा विशेष या चरित्र हनन का प्रकाशन गैर कानूनी होगा। दोषी पाए जाने पर प्रकाशन व छपवाई करवाने वाले के विरुद्ध जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के अनुसार छह माह की कैद या दो हजार रुपए जुमार्ना अथवा दोनो का प्रावधान है। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश देते हुए कहा है कि इस अधिनियम के तहत कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका के पोस्टर, जिसके मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक का नाम व पता नहीं है तो वह मुद्रित या प्रकाशित नहीं करेगा।

### घर से मतदान के लिए बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं को भरना होगा 12-डी फॉर्म: डीसी डॉ. वीरेन्द्र दहिया

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )/टीम एक्शन इंडिया**

विधानसभा आम चुनाव 2024 के चलते जिला में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी योग्य पात्र व्यक्ति मतदान करने से वंचित न रहे, जिसके लिए मतदाताओं को विशेष सुविधाएं प्रदान करते हुए मतदान प्रकिया में सहभागी बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 40 प्रतिशत या उससे अधिक प्रतिशत रखने वाले दिव्यांग व्यक्ति व 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग को घर से मतदान करने की वैकल्पिक सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि 40 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति व 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग को घर से मतदान करने के लिए फार्म 12 डी भरकर अपनी सहमति देते हुए अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि जिला में ऐसे वोटर्स की संख्या हजारो में है। ऐसे में कोई भी व्यक्ति मतदान से अछूता ना रहे इसके लिए सभी बीएलओ द्वारा घर घर जाकर फार्म 12 डी उपलब्ध कराए गए हैं। फार्म भरने के बाद बीएलओ मतदाताओं के घर से 10 सितंबर तक फार्म-12 डी प्राप्त भी करेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति बूथ पर जाकर मतदान करना चाहता है तो उसे फार्म 12 डी भरकर देने को आवश्यकता नही है। उन्होंने बताया कि दिव्यांग मतदाताओं को दिव्यांगता प्रमाण पत्र की एक प्रति जमा करवानी होगी। उम्मीदवारों को ऐसे निर्वाचकों की एक सूची भी प्रदान की जाएगी, यदि वे प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए अपने प्रतिनिधियों को नियुक्त करना चाहते हैं। मतदान अधिकारियों की टीम मतदाता का वोट लेने के लिए उसके पते पर पहुंचेगी।

# विधानसभा चुनाव में युवा बढ़-चढकर करें अपने मताधिकार का प्रयोग : सुभाष शर्मा

**जागरूकता**

▶▶कलाकारों ने नाटक व गीतों के माध्यम से युवाओं को किया मतदान के प्रति जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज यहां दयाल सिंह कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को नाटक, गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी सुभाष शर्मा ने युवाओं से अपील की कि वे 5 अक्तूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में बढ़-चढकर भाग लें और अन्य लोगों को भी वोटिंग के महत्त्व की जानकारी देते हुये अधिकाधिक मतदान के लिये प्रेरित करें।

आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र कर्ण ने ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के बारे भाषण के माध्यम से जानकारी दी। छात्रा रूपाली ने अपनी स्पीच में मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए सभी को जागरूक किया और छात्र शुभम सभ्रवाल ने अपनी कविता के माध्यम से मतदान करने के लिए सभी का आह्वान किया। सूचना, जन संपर्क विभाग के कलाकारों ने अपने नाटक और गीतों के माध्यम से युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक किया।

मुख्य अतिथि डीएचईओ सुभाष शर्मा ने कहा कि 5 अक्तूबर का दिन राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाना चाहिये। इस दिन अधिकाधिक मतदान के लिये गंभीरता से प्रयास होने चाहिये। उन्होंने युवाओं से कहा कि मतदान में हिस्सा लेकर प्रदेश व राष्ट्र के प्रति दायित्व को इमानदारी से निभायें। चुनाव का मौका 5 साल में एक बार मिलता है। युवाओं से कहा कि वे गांवों तथा शहर में आसपास के लोगों को भी अधिकाधिक मतदान के प्रति जागरूक करें।

डीएचईओ सुभाष शर्मा ने कहा कि आदर्श आचार संहिता की पालना भी जरूरी है। कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन की शिकायत फोटो खींचकर अथवा दो मिनट की वीडियो बनाकर सी-विजिल एप पर कर सकता है। शिकायत का समाधान सौ मिनट के भीतर करने का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से जारी हैल्पलाईन नंबर 1950 पर भी मतदाता शिकायत दर्ज करा सकता है।

## वीरेंद्र सिंह आर्य को दिल्ली सरकार द्वारा राज्य शिक्षक पुरस्कार से किया गया सम्मानित



**रोहतक/टीम एक्शन इंडिया**

वीरेंद्र सिंह आर्य दिल्ली में राजनीति विज्ञान के वरिष्ठ प्राध्यापक है। उनकी शिक्षा के प्रति असाधारण निष्ठा, समर्पण और राजनीतिक विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के कारण शिक्षक दिवस पर उन्हें दिल्ली सरकार द्वारा राज्य शिक्षक पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया। वर्तमान समय में वे रोहतक स्थित श्री विश्वकर्मा शिक्षा समिति की तदर्थ समिति के संयोजक तथा सेक्टर 14 की आर.डब्ल्यू.ए.के वरिष्ठ पदाधिकारी है।

इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि शिक्षक सिर्फ शिक्षक ही नहीं होते बल्कि वे विद्यार्थियों के सच्चे मार्गदर्शक और उनके मित्र होते है।

एक अच्छा शिक्षक हमेशा विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्त करने, उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और कभी न हार मानने के लिए प्रेरित करता है। एक शिक्षक का शिक्षण के प्रति समर्पण और जुनून ही विद्यार्थियों के जीवन पर गहरा प्रभाव डालता है।

## उत्तर क्षेत्र योगासन लीग, गोरखपुर में कुरुक्षेत्र के खिलाड़ियों का प्रदर्शन रहा बेहतर

**कुरुक्षेत्र /टीम एक्शन इंडिया**




, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण एवं योगासन भारत के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश योगासन संघ के सहयोग से खेलो इंडिया के अंतर्गत जिला कुरुक्षेत्र की तीन खिलाड़ियों डी ए वी पब्लिक स्कूल की समृद्धि शर्मा व आन्या तथा ओपन कैटिगरी में हिमांशी ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, गोरखपुर में 1 से 3 सितंबर तक आयोजित उत्तर क्षेत्र योगासन लीग प्रतियोगिता में भाग लेकर अच्छा प्रदर्शन करते हुए जिला कुरुक्षेत्र का नाम रोशन किया है । तीनों खिलाड़ियों के कोच योगासन खेल संघ, कुरुक्षेत्र के सचिव राजेश कुमार भी उनके साथ गोरखपुर गए थे । योगासन खेल संघ के जिला प्रधान राजेंद्र वानप्रस्थी, जिला संयोजक एवं हरियाणा योग आयोग के सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा, जिला प्रेस प्रवक्ता एवं भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के अधिकारी गुलशन कुमार ग्रोवर, जिला उप प्रधान एवं रा. आ. सं. व. मा. विद्यालय, कुरुक्षेत्र के प्रिंसिपल डॉ सचिंद्र कुमार सहित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने खिलाड़ियों व कोच के कुरुक्षेत्र वापिस आने पर उनका अभिनंदन करते हुए

### सोलन में 08 सितम्बर को होगी नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**

**सोलनः** माँ शूलिनी सेवा ट्रस्ट सोलन द्वारा 08 सितंबर, 2024 (रविवार) को निःशुल्क होम्योपैथिक, फिजियोथेरेपी, पोषण चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर प्रातः 10 से सांय 3 बजे तक गुरु नानक दरबार गुरुद्वारा (सर्कुलर रोड़) में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में लोगों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा और साथ ही रोगियों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी। यह जानकारी माँ शूलिनी सेवा ट्रस्ट के संस्थापक एवं अन्य सदस्यों ने दी।

उन्होंने कहा कि माँ शूलिनी सेवा ट्रस्ट द्वारा इस शिविर में ब्लड शुगर, रक्तचाप जांच की निःशुल्क सेवाएं भी लोगों को प्रदान दी जाएंगी।

## न्यायिक परिसर में फेसिलेशन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**पानीपत, ( ,कमाल हुसैन )/टीम एक्शन इंडिया**




शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायिक परिसर में फेसिलेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा सुदेश कुमार शर्मा के दिशा निर्देशन में सीजेएम एवं सह सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमति मीनू द्वारा जिले से चुनिंदा क्रिएटिव एवं हाई परफॉर्मर लीगल लिटरेसी क्लब इंचार्ज एवम जागरूकता कार्यक्रमों में विशेष सहयोग करने वाले कॉलेज,स्कूल शिक्षकों को सीजेएम द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

सीजेएम मीनू ने कहा कि महिला व बच्चो को उनके अधिकारों के प्रति बाल संरक्षण हेतु कार्य करने, महिलाओं का सम्मान आदि की नैतिक शिक्षा पर बल देने हेतु विस्तृत चर्चा की। साथ ही शिक्षको में उत्साह भरते हुए सीजेएम ने बताया की शिक्षक व सडक जहा है वही रहते है किंतु दूसरो को मंजिल तक पहुंचा देते है।जिला निर्वाचन कार्यालय से स्वीप कैंपेनर डा हितेश चंद शर्मा ने जिले के विभिन्न भागों से आए शिक्षकों से अपने कार्य क्षेत्र में सभी मतदाताओं से 5 अक्टूबर को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा गया जिसे सम्मानित शिक्षको ने अपनी वोटिंग फिंगर दिखाकर भरोसा जताया।

## गुरू बिना ज्ञान नहीं, गुरू बिना सम्मान नहीं, गुरू ही हमें बनाते महानः दत्तात्रेय

**दीक्षांत समारोह**

▶▶आईजीयू में तृतीय दीक्षांत समारोह में पदक व उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राज्यपाल ने बधाई व शुभकामनाएं दी




**चंडीगढ/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के तृतीय दीक्षांत समारोह में पदक व उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व शोधार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ह्यह्यगुरू बिना ज्ञान नहीं, गुरू बिना सम्मान नहीं, गुरू ही हमें बनाते महान उनके बिना हमारा नहीं कोई मान।ह्यह्य

उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारे जीवन में शिक्षकों का क्या महत्व है। शिक्षक न केवल हमें पढ़ाते हैं, बल्कि हमें जीवन के सही मार्ग पर चलना भी सिखाते हैं। सही और गलत का भेद सिखाते हैं। एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करते हैं। एक अच्छा शिक्षक अपने छात्रों में न केवल ज्ञान का बीज बोता है, बल्कि उन्हें जीवन के हर पहलू में सफल बनने के लिए तैयार करता है। इसलिए जीवन में शिक्षा और शिक्षक दोनों का ही महत्व कहीं अधिक है।

आज का यह दिन निश्चित रूप से विद्यार्थियों के जीवन का सबसे यादगार पल रहेगा क्योंकि आज उन्हें उनके परिश्रम का फल इन उपाधियां एवं पदकों के रूप में मिल रहा है। आज इस दीक्षांत समारोह में 08 शोधकताओं को पी. एच. डी. की उपाधि प्रदान की गई और 97 मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक दिए, जिनमें से 80 छात्राएं और 77 छात्र थे। इसके अतिरिक्त 1000 स्नातक और स्नातकोत्तर की उपाधियां भी प्रदान की गई। इनमें भी 875 छात्राएं और 438 छात्र थे। सभी उपाधि एवं पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में छात्राओं की संख्या छात्रों के मुकाबले कहीं अधिक रही, जोकि बहुत ही प्रसंशनीय है।

उन्होंने आधुनिक तकनीक से पढ़ते हुए नए शोध कार्यों को करने के लिए सभी से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रोजगार लेने की जगह रोजगार देने वाले बनो। उच्च शिक्षा पाकर, जीवन में सफल होकर अपने माता-पिता एवं गुरुओं का नाम रोशन करें। आप सभी शिक्षा के अपने-अपने रुचि के क्षेत्र में सफलता हासिल करें।

कार्यक्रम से पहले राज्यपाल महोदय को गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए शिखर मंडल की शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

### नामांकन प्रकिया के प्रथम दिन पांचों विधानसभा क्षेत्रों से किसी उम्मीदवार ने नहीं भरा नामांकन : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि हरियाणा विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रथम दिन यानी 5 सितंबर को जिला की पांचों विधानसभा इंद्री, नीलोखेड़ी, करनाल, असंध व घरौंडा निर्वाचन क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी ने संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। उन्होंने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया संबंधित एसडीएम कोर्ट में की जा रही है। इसको लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी (आरओ)/सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) के कार्यालय में 12 सितम्बर, 2024 तक प्रातः 11 बजे से लेकर दोपहर बाद 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं। रविवार 8 सितंबर को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण नामांकन पत्र नहीं लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों को रिटर्निंग अधिकारी (आरओ)/ सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) के कार्यालय में अपने साथ अधिकतम 4 लोगों को लाने की अनुमति होगी। साथ ही आरओ/एआरओ कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में अधिकतम 3 वाहन लाए जा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि संबंधित रिटर्निंग अधिकारी द्वारा 13 सितम्बर को नामांकन पत्रों की जांच-पड़ताल की जाएगी। इसके बाद 16 सितम्बर तक प्रत्याशियों द्वारा अपना नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मतदान 5 अक्तूबर और मतगणना 8 अक्तूबर को होगी।

### महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम को लेकर किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस की पाठशाला के माध्यम से महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्मसुरक्षा, साईबर अपराध से बचाव व यातायात के नियमों की पालना बारे महिला पुलिस थाना नारायणगढ़ की टीम ने सरकारी कालेज बड़ागढ़ में छात्राओं/शिक्षकों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा के सम्बन्ध मे डायल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस बारे महिलाओ को विस्तृत जानकारी देकर मौका पर ही डायल 112 एप्प डाउनलोड करवा कर रजिस्ट्रेशन करवाया गया। ह्यह्यहरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशालाह्णह्ण के दौरान उपस्थित छात्राओं/महिलाओं को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचने, अपने तथा दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की पालना करने बारे जागरूक किया जा रहा है।

## बलियाह स्कूल में ऊर्जा व जल संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**विवेकानंद वशिष्ठ**



**हमीरपुरः** राजकीय उच्च पाठशाला बलियाह में ऊर्जा व जल संरक्षण पर एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया ।इस कार्यशाला में स्कूल के बच्चों ,अध्यापकों, अभिभावकों व स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉक्टर विद्यासागर व लक्ष्मीकांत ने सभी उपस्थित सदस्यों व बच्चों को औषधीय पौधों का जीवन में महत्व ,कचरे से होने वाली बीमारियों, खाने में पोषक तत्व शामिल करना, कचरा प्रबंधन , ऊर्जा व जल संरक्षण विषयों पर जानकारी दी।इस कार्यशाला में जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने स्कूलों में इंस्पायर अवार्ड मानक योजना ,बाल विज्ञान सम्मेलन व इको क्लब के माध्यम से विज्ञान और पर्यावरण से संबंधित करवाए जाने वाले सभी कार्यक्रमों व गतिविधियों की विशेष जानकारी बच्चों, अध्यापकों व अभिभावकों को उपलब्ध करवाई । कार्यशाला में स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान प्रवीण कुमारी सहित समिति सदस्य सीमा कुमारी व पूनम विशेष रूप से उपस्थित रही।स्कूल मुख्य अध्यापक नरेश शर्मा ने इको क्लब प्रभारी संदीप शर्मा सहित उपस्थित सभी अध्यापकों व बच्चों का कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया। कार्यशाला के समापन पर सभी प्रतिभागियों व अभिभावकों को दोपहर का भोजन भी उपलब्ध कराया गया।

## आई.बी. महाविद्यालय से सभागार में शिक्षक सम्मान दिवस का आयोजन किया

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) /टीम एक्शन इंडिया**



आई.बी.(एल) शैक्षणिक समिति ने आज आई.बी. महाविद्यालय से सभागार में "शिक्षक सम्मान दिवस" का आयोजन किया। समिति के प्रधान श्री धर्मबीर बत्रा, उप-प्रधान परमवीर ढींगरा, सचिव रवि गोसाईं, प्रबन्ध समिति के महासचिव एल. एन. मिगलानी, सदस्य युधिष्ठिर मिगलानी, रमेश नागपाल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, उप-प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा, आई.बी. विद्यालय की प्राचार्या जयश्री गर्ग की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं सभी अतिथि गण को तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दोनो शिक्षण संस्थानों के शिक्षक उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. पूनम मदन के द्वारा किया गया।

आई.बी. एल सोसाइटी के सचिव रवि गोसाईं ने सभी को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए और अभिनंदन करते हुए कहा निस्संदेह गौरव की बात है, परंतु यह एक बड़ी जिम्मेदारी को भी रेखांकित करता है। अच्छा शिक्षक सामाजिक उत्थान की दिशा और दशा तय करने में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान देता है और इसके द्वारा समाज की आने वाली पीढ़ियों को अंधकार से प्रकाश की तरफ जाने का रास्ता मिलता है। इसलिए हमारे जीवन में शिक्षकों को सबसे महत्वपूर्ण रोल है क्योंकि वह हमें ना सिर्फ किताबी ज्ञान देते हैं बल्कि वह प्रैक्टिकली आने वाली चुनौतियों के लिए भी हमें जागरूक और तैयार करते हैं । देखा जाए तो हर वह इंसान शिक्षक है जिससे आप नैतिक चीजें सीखने को मिलती है।

प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे महाविद्यालय में शिक्षक दिवस एक उत्सव की तरह मनाया जाता है। शिक्षक हजारों विद्यार्थियों का भविष्य सँवारते हैं और महामारी के चलते जो तकनीक का इस्तेमाल कर विद्यार्थियो को ज्ञान दिया गया, वे तकनीक आने वाले समय में भी प्रयोग की जाएगी। शिक्षा मे जो बदलाव आया है, उस बदलाव को अपनाना आज के शिक्षक गण के लिए जरूरी है। न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत आने वाले सभी बदलाव ही शिक्षकों को एवं विद्यार्थियों को एक उच्चतम स्तर एवं नई तकनीकों की ओर ले जाएगी।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को याद करते हुए उन्होंने अपने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने के लिए अत्यंत लग्न और मेहनत से काम करने को कहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों की प्रस्तुतियों ने चार चांद लगाए। अंत में आई. बी. संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सभी उपस्थित शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## पुलिस थाना परवाणु में दर्ज स्टॉक से गुम हुए मोबाइल के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**



**सोलनः** 23 जुलाई को पुलिस थाना परवाणु में जिला शिमला कोटखाई निवासी मुदित चौहान ने शिकायत दी थी कि वे सीनियर सेल्स एग्जीक्यूटिव मोक्ष डिस्ट्रीब्यूशन क्कङ्कञ्ज रुञ्जष्ठ में है और उन्होंने मोबाइल फोन का स्टॉक 20 जून को लॉजिस्टिक्स कंपनी के माध्यम से परवाणु से मंडी भेजा था लेकिन भेजे गए स्टॉक में से 10 स्मार्टफोन मंडी के डिस्ट्रीब्यूटर को कम डिलीवर किए गए जिससे इसे लगभग ?2,47,376 का नुकसान हुआ था। इस संदर्भ में इन्होंने उक्त कंपनी को भी अवगत करवाया था लेकिन कम्पनी ने कोई कार्यवाही नही की। उक्त 10 मोबाइल फोन कंपनी की मिलीभगत से गायब हुए थे जिसको लेकर इन्होंने पुलिस थाना परवाणु में मामला दर्ज करवाया था।

वहीं पुलिस ने जांच के दौरान तीन आरोपियों सलमान, खुशाल और अंकुर को गिरफ्तार किया है।

वहीं कोर्ट में पेश करके उन्हें चार दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया है जिनसे गहनता से जांच पुलिस द्वारा की जा रही है गिरफ्तार हुए आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकार्ड के पड़ताल में पुलिस कर रही है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 06 सितंबर 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## चार युवकों ने नाबालिग से किया छेड़छाड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**लोहाघाट:** नगर में एक नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि चार युवकों ने घर से स्कूल जाते वक्त नाबालिग को नशीला पदार्थ सुघांया और बेहोश होने पर उसे अज्ञात स्थान पर ले जाकर उसके साथ छेड़छाड़ की। नाबालिग के साथ दुष्कर्म किए जाने का अंदेशा भी जताया जा रहा है।

**पोक्सो एक्ट में मामला पंजीकृत**

पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध पोक्सो एक्ट में मामला पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। दुष्कर्म की पुष्टि के लिए नाबालिग का मेडिकल कराया जा रहा है। बुधवार को एक स्कूल की नाबालिग छात्रा सुबह घर से स्कूल की ओर निकली। इसी बीच रास्ते में चार युवकों ने उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर अपहरण कर लिया। उन्होंने नाबालिग को सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ छेड़छाड़ की। काफी देर बाद छात्रा बदहवास हालत में घर पहुंची तो स्वजनों की पांव तले जमीन खिसक गई। पूछताछ करने पर वह कुछ बता नहीं पाई। स्वजनों ने स्कूल प्रबंधन से पूछताछ की तो जबाव मिला कि छात्रा स्कूल नहीं आई थी। बाद में छात्रा ने स्वजनों को आपबीती बताई। जिसके बाद स्वजन लोहाघाट थाने पहुंचे और अज्ञात के विरुद्ध छेड़छाड़ की तहरीर सौंपी।

## पंजाब में महंगा हुआ पेट्रोल व डीजल,बढ़ाई वैट दरें

**चंडीगढ़:** पंजाब सरकार ने प्रदेश की जनता पर एक बोझ डाल दिया है। पंजाब में अब पेट्रोल व डीजल महंगा मिलेगा। गुरुवार को चंडीगढ़ में हुई बैठक के बाद सरकार ने पेट्रोल व डीजल पर वैट की दरें बढ़ा दी हैं। बैठक के बाद वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि राज्य में पैट्रोल पर 61 पैसे प्रति लीटर और डीजल पर 92 पैसे प्रति लीटर वैट बढ़ाया गया है।

# अब अयोध्याधाम भी तमिलनाडु से जुड़ा

## 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को समृद्ध करने का मार्ग प्रशस्त करेगा राम नाथ स्वामी मंदिर'

प्राण प्रतिष्ठा

**सीएम ने अयोध्या धाम में नव स्थापित मंदिर में महाकुंभाभिषेक व प्राण प्रतिष्ठा समारोह में लिया हिस्सा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने अयोध्या दौरे की शुरूआत राम नाथ स्वामी मंदिर में आयोजित महाकुंभाभिषेक व प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेकर की। कार्यशाला में स्थापित इस दक्षिण भारतीय शैली के मंदिर में नवस्थापित महादेव के शिवलिंग का पूजन व अर्चन करने के साथ सीएम योगी ने प्रदक्षिणा भी की। सीएम योगी ने रामनाथ स्वामी मंदिर की स्थापना को एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को समृद्ध करने वाला प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि रामस्वामी का कार्यशाला में विराजमान होना अत्यंत आनंद का क्षण है। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम और तमिलनाडु का विशेष रिश्ता है। ये हजारों वर्षों की परंपरा है। हजारों वर्ष पहले मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम जब श्रीलंका में माता सीता की खोज के लिए निकले थे तो तमिलनाडु के रामेश्वरम में सेतु बंधन के पश्चात अपने आराध्य भगवान शिव की अराधना की थी। सीएम योगी ने कहा कि संपूर्ण भारत एक है, इस संकल्प के साथ आध्यात्मिक चेतना बढ़ रही है। मौजूदा प्रयास भी इसमें एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि हम एक भारत श्रेष्ठ भारत के पीएम मोदी के कार्यक्रम हो ही आगे बढ़ा रहे हैं जो यहां भी देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत उत्तर से लेकर दक्षिण तक पूरब से लेकर पश्चिम तक एक रहा है। हमारे शास्त्र व धर्मस्थल इस बात के प्रमाण हैं। सरकारें अलग अलग रही हों मगर भारत के संतों की परंपरा ने मजबूती प्रदान की है।

**काशी तमिल संगमम् का दिया उदाहरण:** सीएम योगी वाराणसी में आयोजित होने वाले काशी तमिल संगमम् का उदाहरण देते हुए कहा कि काशी में तमिल संगमम् के दो संस्करण पूर्ण हो चुके हैं।



### सबसे आध्यात्मिक नगरी के तौर पर स्थापित होगी अयोध्या: सीएम योगी

**सीएम** योगी ने कहा कि अब प्रभु श्रीराम का पूरा भव्य मंदिर बनने में ज्यादा देर नहीं होने वाली है। मंदिर निर्माण को पूर्ण करने के सभी कार्य तीव्र गति से जारी है जिसके लिए मंदिर ट्रस्ट के चंपत राय, गोपाल राय व अन्य पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को पीएम मोदी द्वारा हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में समाज का पूरा नेतृत्व वर्ग अयोध्या धाम में था। अयोध्या धाम में पांच सदी के बाद विराजमान हुए राम लला का करोड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया है। मेरा मानना है कि अयोध्या धाम एक नई गति के साथ दुनिया की सबसे आध्यात्मिक और सुंदरतम नगरी के रूप में स्थापित होकर पूरे सनातन धर्मावलंबियों के लिए एक नई प्रेरणा और प्रकाश का केंद्र बिंदु बनकर उभरेगा।

# समस्या का समाधान असली कानून व्यवस्था है, नकली एनकाउंटर नहीं: अखिलेश

साधा निशाना

**अखिलेश ने दिनदहाड़े डकैती के आरोपी बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ पर सरकरा पर तंज कसा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सुल्तानपुर में सराफा व्यापारी के यहां हुई दिनदहाड़े डकैती के आरोपी बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ पर कहा कि समस्या का समाधान असली कानून व्यवस्था है नकली एनकाउंटर नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा राज अपराधियों का अमृतकाल है।

उन्होंने एक्स पर कहा कि लगता है सुल्तानपुर की डकैती में शामिल लोगों से सत्ता पक्ष का गहरा संपर्क था, इसीलिए तो नकली एनकाउंटर से पहले मुख्य आरोपी से संपर्क साधकर सरेंडर करा दिया गया और अन्य सपक्षीय लोगों के पैरों पर सिर्फ दिखावटी गोली मारी गयी और जात देखकर जान ली गयी।




जब मुख्य आरोपी ने सरेंडर कर दिया है तो लूट का सारा माल भी पूरा वापस होना चाहिए और सरकार को मुआवजा अलग से देना चाहिए क्योंकि ऐसी घटनाओं का जो मानसिक आघात होता है उससे उबरने में बहुत समय लगता है, जिससे व्यापार की हानि होती है, जिसकी क्षतिपूर्ति सरकार करे। नकली एनकाउंटर रक्षक को भक्षक बना देते हैं। समाधान नकली एनकाउंटर नहीं, असली कानून-व्यवस्था है।

भाजपा राज अपराधियों का अमृतकाल है। जब तक जनता का दबाव व आक्रोश चरम सीमा पर नहीं पहुंच जाता है, तब तक लूट में हिस्सेदारी का काम चलता रहता है और जब लगता है जनता घेर लेगी तो नकली एनकाउंटर का ऊपरी मरहम लगाने का दिखावा होता है। जनता सब समझती है कि कैसे कुछ लोगों को बचाया जाता है और कैसे लोगों को फंसाया जाता है। घोर निंदनीय है।

## संजोली मस्जिद विवाद में कूदे औवेसी, सुक्खू सरकार के मंत्री का पलटवार

**शिमला।** राजधानी शिमला के संजौली क्षेत्र में बनी अवैध मस्जिद का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को यह मामला विधानसभा में उठ चुका। अब इस विवाद में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भी कूद पड़े हैं।औवेसी ने कांग्रेस सरकार के पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह के बयान पर कहा कि वे भाजपा की भाषा बोल रहे हैं और हिमाचल की मोहब्बत की दुकान में नफरत ही नफरत की टिप्पणी की है। औवेसी की टिप्पणी पर कांग्रेस सरकार के मंत्रियों अनिरुद्ध सिंह और विक्रमादित्य सिंह ने भी पलटवार किया है।

# हरियाणा: भाजपा में लगी इस्तीफों की झड़ी

बगावत

**रणजीत चौटाला ने किया निर्दलीय चुनाव लड़ने का एलान, 8 सितंबर को शक्ति प्रदर्शन**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** भारतीय जनता पार्टी की ओर से टिकट वितरण के साथ ही पार्टी में बगावत तेज हो गई है। इस कड़ी में भाजपा से सांसद नवीन जिंदल की मां और पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने भाजपा के टिकट न मिलने के बाद बगावती रुख अपना लिया है। सावित्री जिंदल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मैं तो चुनाव लडूंगी। इस बयान से राजनीतिक हलचल और तेज हो गई है। वहीं, हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने भी भाजपा के खिलाफ बगावती सुर अपनाए हैं। इस कड़ी में रणजीत सिंह ने भाजपा को छोड़कर निर्दलीय चुनाव लड़ने का एलान किया है। जानकारी के अनुसार 8 सितंबर को रानियां में शक्ति प्रदर्शन करेंगे।




रणजीत ने कहा कि भाजपा हाईकमान ने मुझे डबवाली से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया है, लेकिन मैंने यह ऑफर ठुकरा दिया। रानियां सीट से टिकट न मिलने के बाद चौटाला ने कहा कि वह जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं लेंगे। सावित्री जिंदल का यह फैसला भाजपा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि वह एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली नेता रही हैं। रतिया विधानसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को टिकट दिए जाने से नाराज होकर रतिया के वर्तमान विधायक लक्ष्मण नापा ने पार्टी को अलविदा कह दिया है। नापा ने बुधवार देर रात को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली को अपना इस्तीफा भेज दिया। कुछ दिनों से सुनीता दुग्गल रतिया क्षेत्र में सक्रिय हो गई थी। कार्यकर्ताओं को दुग्गल को टिकट मिलने की आहट होने पर पार्टी में विरोध के स्वर पहले से ही उठने लगे थे। बाकायदा कार्यकर्ताओं की ओर से प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखकर स्थानीय उम्मीदवार को ही टिकट देने की मांग की गई थी।

## सरकारी बस में छात्रा से अश्लील हरकतें, दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला: शिमला से** सटे सुन्नी थाना क्षेत्र में सरकारी बस में सफर कर रही एक छात्रा के साथ छेड़खानी व अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया है। चौंका देने वाली बात यह है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के ही दो कर्मचारियों पर छात्रा से छेड़खानी के आरोप लगे हैं। दोनों आरोपित भी सरकारी बस में छात्रा के साथ सफर कर रहे थे। छेड़खानी करने वाला एक आरोपित एचआरटीसी का चालक और दूसरा मैकेनिक है। वहीं पीड़िता एक निजी शिक्षण संस्थान की छात्रा है। उसकी शिकायत पर सुन्नी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को आज तड़के गिरफ्तार कर लिया है। इनके विरुद्ध छेड़खानी व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। 21 वर्षीय छात्रा ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि बुधवार की शाम वह अपने संस्थान से सुन्नी के लिए शिमला से करसोग जाने वाली एचआरटीसी बस में सवार हुई थी। दोनों आरोपित बड़मन धार के पास इसी बस में चढ़े। पीड़िता के मुताबिक वह बस की आखिरी सीट पर बैठी थी, जहां कंडक्टर बैठता है। जब बस 18/2 नामक स्थान के पास पहुंची तो चमन प्रकाश आगे की सीट से उठा और उसके बगल में बैठ गया और उसका फोन नंबर व इंस्टा आईडी मांगने लगा।

